

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938




नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 266 | ग्वालियर, शनिवार, 15 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव रिजल्ट पर अमित शाह का पहला बयान, बीजेपी के प्रदर्शन और हिंसा पर क्या कुछ बोले?

पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने बड़ी जीत हासिल की. वहीं दूसरे नंबर पर बीजेपी रही. इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार (14 जुलाई) को कहा कि खून खराबे वाली हिंसा भी बीजेपी को चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने से नहीं रोक सकी. शाह ने ट्वीट किया, बीजेपी ने पिछले चुनाव की तुलना में अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी कर ली है. ये हमारी पार्टी पर लोगों के किए गए विश्वास का संकेत है. इससे पता चलता है कि जनता का स्नेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के साथ हैं. निश्चित रूप से ये लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी को ये जबरदस्त



ऊंचाइयों तक ले जाएंगा.शाह ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता को मेराहार्दिक आभार. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी को बुहत बधाई कि वो कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद खड़े रहे.

**पंचायत चुनाव का क्या रिजल्ट रहा**-पीटीआई के मुताबिक, टीएमसी ने त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली में सभी 20 जिला परिषद के साथ साथ कुल 928 सीटों में से 880 पर जीत हासिल की, जबकि पार्टी बीजेपी ने 31 सीटें जीतीं. वहीं, कांग्रेस- लेफ्ट गठबंधन ने 15 और अन्य ने दो सीट अपने नाम कीं. ग्राम पंचायत की कुल 63,219 सीटों में से 35,000 पर टीएमसी ने जीत दर्ज की. बीजेपी ने 10,000 और कांग्रेस-वाम मोर्चा गठबंधन ने 6000 सीटें जीतीं.

## जनरल डायर की तरह पटना में बर्बरता, बीजेपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज से भड़के नित्यानंद, कहा- जंगलराज-3



**बिहार** की राजधानी पटना में गुरुवार (13 जुलाई) को बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज को लेकर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता नित्यानंद राय ने बिहार सरकार पर हमला बोला और इस्तीफे की मांग की. उन्होंने कहा, लाठी चार्ज का जवाब बिहार सरकार को देना चाहिए. जनरल डायर की तरह पटना में बर्बरता की गई. हमारे कई विधायक और सांसद घायल हुए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं.शुक्रवार (14 जुलाई) को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्रीय मंत्री ने कहा, बिहार में जंगलराज 2 का आगमन हो गया है.

## शिंदे गुट की बढ़ी मुश्किलें! सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्यता मामले पर जारी किया महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर को नोटिस


शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के नेता सुनील प्रभु की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (14 जुलाई) को महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को नोटिस जारी किया. सुप्रीम कोर्ट ने ये नोटिस सीएम एकनाथ शिंदे समेत बागी नेताओं की अयोग्यता के मामले पर ये नोटिस जारी किया है. इस मामले की अगली सुनवाई 2 हफ्ते बाद होगी.उद्धव ठाकरे गुट के नेता सुनील प्रभु ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सहयोगी विधायकों की अयोग्यता का मामला स्पीकर के पास काफी समय से लंबित है. उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध करते हैं, स्पीकर से जल्द फैसला लेने के लिए कहें. गौरतलब है कि सीजेआई डीवाई चंद्रचू? के नेतृत्व वाली जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की तीन जजों की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही है.उद्धव ठाकरे गुट के नेता सुनील प्रभु ने सुप्रीम कोर्ट में



याचिका लगाकर मांग की है कि महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के पास लंबित शिंदे गुट के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द फैसला लिए जाने का निर्देश जारी किया जाए. उनकी इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर को नोटिस जारी किया है. यूबीटी के नेता सुनील प्रभु की याचिका में कहा गया है कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत कर पार्टी को तोड़ने वाले विधायकों को अयोग्य घोषित किए जाने की अर्जियां महाराष्ट्र के विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर के पास एक साल से ज्यादा समय से लंबित पड़ी हुई हैं. जिन पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है. उन्होंने इन अर्जियों को जल्द निपटाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट से निर्देश जारी करने की मांग की है.सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल 11 मई को शिवसेना के उद्धव गुट की ठाकरे को फिर से सीएम के तौर पर बहाल करने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुनाया था. सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उद्धव ठाकरे को फिर से सीएम पद पर बहाल करने का आदेश नहीं दिया जा सकता है.

## इस्लाम हमें सिखाता है कि..., दिल्ली की जामा मस्जिद से मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव अल-इस्सा ने दिया संदेश

भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आए मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा ने दिल्ली की जामा मस्जिद में शुक्रवार (14 जुलाई) की नमाज अदा की. इस दौरान अपने खुत्बा (भाषण) में उन्होंने कहा, इस्लाम दोहरी बातें पसंद नहीं करता है. मुस्लिमों को सच्चा होने जरूरत हैउन्होंने कहा, इस्लाम अच्छे चरित्र को बहुत अहमियत देता है. मुस्लिमों को हर किसी के प्रति दयालू जरूर होना चाहिए. इस्लाम में अतिवाद के लिए कोई जगह नहीं है. हमें अपने अपने पड़ोसियों का खयाल रखने की जरूरत है.मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव ने बताया इस्लाम क्या सिखाता हैशेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा ने कहा, इस्लाम संपूर्ण मानवता का सम्मान करना सिखाता है. इस्लाम इंसानियत की रक्षा करने में विश्वास रखता है. इस्लामी



संदेश भूगोल, संदर्भ और विविधता का सम्मान करता है. सच्चा आस्तिक सीधे रास्ते पर चलता है. सच्चे आस्तिक को दयालु हृदय का होना चाहिए. जो लोग हिंसा का मार्ग अपनाते हैं, उनकी हार होगी.बता दें कि अल-इस्सा ने मंगलवार (11 जुलाई) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी. दोनों की मुलाकात के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी थी. पीएमओ ने कहा था, उन्होंने (पीएम मोदी और अल-इस्सा) अंतर-धार्मिक सद्भाव, शांति को आगे बढ़ाने और मानव प्रगति की दिशा में काम करने के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की.मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव अल-इस्सा भारत सरकार के आधिकारिक निमंत्रण पर भारत आए हैं. पीएम मोदी से मुलाकात के बाद एक दिन बाद मुस्लिम वर्ल्ड लीग महासचिव अल-इस्सा ने समावेशी विकास के प्रति प्रधानमंत्री के 'चाहतपूर्ण दृष्टिकोण' की सराहना की थी

## मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को भेजा नोटिस, 28 जुलाई को सुनवाई



दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआ ईऔर ईड़ी को नोटिस जारी किया है. मामले में 28 जुलाई को सुनवाई होगी. सिसोदिया शराब घोटाला मामले में लगभग 5 महीना पहले गिरफ्तार हुए थे. हाई कोर्ट उनकी जमानत याचिका खारिज कर चुका है.हाई कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. 10 जुलाई को वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के सामने यह मामला रखा था और तत्काल सुनवाई की मांग की थी, जिसे सीजेआई ने स्वीकार कर लिया था. सिंघवी ने कोर्ट को बताया था कि हाई कोर्ट जमानत याचिका खारिज कर चुका है. सिसोदिया की पत्नी गंभीर रूप से बीमार हैं और अस्पताल में भर्ती ह

**आबकारी नीति मामले में आरोपी हैं सिसोदिया**-केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) दिल्ली में आबकारी नीति में कथित अनियमितता को लेकर जांच कर रहा है. ये मामला मनीष सिसोदिया के उपमुख्यमंत्री कार्यकाल का है. उस दौरान सिसोदिया के पास आबकारी विभाग का भी जिम्मा था. सीबीआई ने आबकारी घोटाले में कथित भूमिका के लिए उन्हें आरोपी बनाया था. इसी साल 26 फरवरी को मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया था, तब से वे जेल में हैं.·

## बीजेपी से बड़ा देशद्रोही..कांग्रेस ने बीजेपी के वीडियो का हवाला देते हुए लगाए ये आरोप

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी की तरफ से जारी किए गए एक वीडियो में भारत की जमीन को चीन और पाकिस्तान के क्षेत्र में दिखाया गया है. सुप्रिया ने कहा, ÷बीजेपी से बड़ा देशद्रोही और टुकड़े-टुकड़े गैंग इस देश में कोई नहीं है.÷इससे पहले सुप्रिया श्रीनेत ने अपने ट्विटर अकांउट से एक वीडियो भी शेयर किया था. वीडियो



के कैप्शन में श्रीनेत ने लिखा, ÷हिंदुस्तान की सरजमीं के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं और बीजेपी ने ये पाप किया है.÷

**पीएम मोदी-जेपी नड्डा को मांगनी चाहिए माफी**-कांग्रेस का आरोप है, ÷पीएम मोदी के लिए बनवाए गए एनीमेशन वीडियो में हमारी जमीन को पाकिस्तान और चीन का दिखाया गया. वीडियो डिलीट करके भाग जाने से फर्क नहीं पड़ता है. पीएम मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी को इस गलती के लिए माफी मांगनी चाहिए.÷

**भारत के नक्शे के साथ खिलवाड**-सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, ÷शुक्रवार (14 जुलाई) को दोपहर 1 बजे के करीब बीजेपी के हैंडल से इस वीडियो को ट्वीट कड़िया गया. मोदी सरकार की तरफ से लाई गई जियोस्पेशियल इनफॉर्मेशन रेगुलेशन बिल् के अनुसार कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म अगर भारत के नक्शे के साथ खिलवाड़ करेगा तो 100 करोड़ रुपए का जुर्माना और 7 साल की सजा होगी.कांग्रेस ने कहा, ÷पहले बीजेपी इस वीडियो को वायरल करने में जुटी थी लेकिन जब लोगों ने आपत्ति जताई तो इसे डिलीट करके भाग गए÷. श्रीनेत ने सवाल किया कि अब बीजेपी से कौन सा नेता जेल में जाएगा.

## हिमाचल कांग्रेस में दो फाड़ आपस में भिड़े मंत्री, हर्षवर्धन बोले- बचकाने बयान दे रहे विक्रमादित्य

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार में गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है. इस बार हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान आमने-सामने हो गए हैं.हाल ही में कुल्लू में हुई भारी तबाही को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इलीगल माइनिंग का नतीजा करार दिया था. विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि यह सब इलीगल माइनिंग की वजह से हो रहा है. यदि नदी अपना रास्ता बदल रही है, तो इसके लिए इलीगल माइनिंग ही बड़ा कारण है.

**इलीगल माइनिंग की वजह से हुई तबाही**-लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने एसपी कुल्लू के भी तबादले की बात कही थी. उन्होंने कहा था कि अगर एसपी कुल्लू इलीगल माइनिंग को नहीं रोक पा रही हैं, तो क्या कर रही हैं. हमेशा ही खुलकर और स्पष्ट



तौर पर बात करने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा था कि वह इस मामले को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान भी उठाएंगे.

**विक्रमादित्य के बयान को बताया बचकाना**-वहीं, हिमाचल प्रदेश सरकार में उद्योग मंत्री और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बेहद करीबी हर्षवर्धन चौहान ने मीडिया से पूछे के पूछे सवाल पर कहा कि उन्होंने विक्रमादित्य सिंह का यह बयान नहीं सुना है. लेकिन, यह तबाही इलीगल माइनिंग की वजह से नहीं बल्कि प्राकृतिक आपदा की वजह से हुई. यह संभव है कि एक-दो जगह पर इलीगल माइनिंग हो रही हो. छुटपुट माइनिंग होते ही रहती है, लेकिन इसके लिए इलीगल माइनिंग जिम्मेदार नहीं है. उन्होंने कहा कि कुल्लू-मनाली में तो कोई माइनिंग का क्रेशर भी नहीं है. नदी से 100 मीटर दूरी तक कोई माइनिंग करने की अनुमति भी नहीं है.

## दिल्ली में बाढ़ पर पीएम मोदी की चिंता सही, लेकिन.. कांग्रेस बोली- अब भी जल रहा मणिपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों की पेरिस यात्रा पर हैं. इस बीच दिल्ली में आई बाढ़ को लेकर पीएम मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हालात पर जानकारी ली. अब इसे लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है. जयराम रमेश ने शुक्रवार (14 जुलाई) को ट्वीट करते हुए कहा कि ऐसी ही कॉल तब क्यों नहीं की गई, जब वो अमेरिका मे थे और मणिपुर जल रहा थाजयराम रमेश ने ट्वीट करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने गृह मंत्री को पेरिस से कॉल कर दिल्ली में बाढ़ के हालात की जानकारी ली. ये अच्छी बात है कि उन्होंने इस पर चिंता जताई. इस ट्वीट में उन्होंने आगे



कहा कि ऐसी ही कॉल तब क्यों नहीं की गई थी, जब वो अमेरिका गए हुए थे और मणिपुर जल रहा था.

**अब भी जल रहा है मणिपुर- जयराम रमेश**-अपने ट्वीट में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर अभी भी जल रहा है, जब प्रधानमंत्री फ्रांस में हैं. उन्होंने आगे कहा कि लेकिन ऐसा लग रहा है कि उन्होंने मणिपुर पर पूरी तरह से मौन व्रत पर रहने की शपथ ले ली है हाल ही में यूरोपीय संसद ने मणिपुर हिंसा को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया और भारत सरकार से हिंसा को रोकने और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया. इस मुद्दे पर प्रस्ताव पारित होने के बाद भारत की ओर से तत्काल कड़ी और सख्त प्रतिक्रिया दी गई

## ऐतिहासिक चंद्रयान-3, इसरो चीफ ने बताया कब होगी चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग?

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा से एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान 3 का सफलतापूर्वक लॉन्च किया. चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च होने पर इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सब ठीक रहेगा तो इसकी सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त की शाम पांच बजकर 47 मिनट पर होगी. वहीं लॉन्च करने के दौरान मौजूद रहे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ये पूरा मिशन स्वदेशी है. दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर खुशी जताई. बड़ी बातें-

1. इसरो के चीफ एस सोमनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेस करते हुए कहा, चंद्रयान 3 ने अपनी यात्रा शुरू कर दी है. इसे एलवीएम3-एम4 रॉकेट सटीक कक्षा में स्थापित कर दिया है. हमारा इसे एक अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित करने का प्लान है. उन्होंने कहा कि हमने पहले साल में देखा कि पहले क्या गलती की थी और उसके बाद दूसरे साल में क्या सुधार किया जाए कि ये बेहतर हो. फिर हमने देखा कि और क्या गलती हुई थी क्योंकि कुछ समस्याएं छिपी होती है जो हमने समीक्षा और टेस्ट करके पता लगाई. तीसरे साल हमने सभी टेस्टिंग की और अंतिम साल में हमने अंतिम संयोजन और तैयारी की. मैं इसके लिए पूरी टीम को बधाई देता हूं.

2. चंद्रयान-2 मिशन के दौरान अंतिम क्षणों में लैंडर विक्रम पथ विचलन के चलते सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल नहीं हुआ था. चंद्रयान-3 के चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास सफल होने पर भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा.

3. आज रवाना हुआ 'चंद्र मिशन' 2019 के 'चंद्रयान-2' का अनुवर्ती मिशन है. भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग का है. 'सॉफ्ट लैंडिंग' इस अभियान का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा होगी.



4. न्यूज एजेंसी पीटीआई ने इसरो के अधिकारियों के हवाले से बताया कि उड़ान भरने के लगभग 16 मिनट बाद प्रणोदन मॉड्यूल रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हो गया. यह चंद्र कक्षा की ओर बढ़ते हुए पृथ्वी से 170 किमी निकटतम और 36,500 किमी सुदूरतम बिंदु पर एक अण्डाकार चक्र में लगभग पांच-छह बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगा. लैंडर के साथ प्रणोदन मॉड्यूल, गति प्राप्त करने के बाद चंद्रमा की कक्षा तक पहुंचने के लिए एक महीने से अधिक लंबी यात्रा पर तब तक आगे बढ़ेगा जब तक कि यह चंद्र सतह से 100 किमी ऊपर नहीं पहुंच जाता. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इसरो के वैज्ञानिकों ने कहा कि ऊंचाई पर पहुंचने के बाद लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग के लिए उतरना शुरू कर देगा.

5. चंद्रयान-3 में भी पिछ्ल बार की तरह इस बार भी चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र को रिसर्च के लिए चुना गया है क्योंकि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव उत्तरी ध्रुव की तुलना में बहुत बड़ा है. इसके आस-पास स्थायी रूप से छाया वाले क्षेत्रों में पानी की मौजूदगी की संभावना हो सकती है.

6. प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के मंत्र पर खरा उतर रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा था कि सफलता की कोई सीमा नहीं है और मुझे लगता है कि चंद्रयान ब्रह्मांड के अज्ञात क्षितिजों का पता लगाने के लिए आकाश की सीमा से आगे निकल गया है. सिंह ने इसरो के संस्थापक और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक कहे जाने वाले दिवंगत विक्रम साराभाई की सराहना करते हुए कहा कि यह दिन उस सपने का संकेत है जो विक्रम साराभाई ने छह दशक पहले देखा था. उनके पास संसाधनों की भले ही कमी रही हो, लेकिन आत्मविश्वास की कभी कमी नहीं थी.

7. केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि चंद्रयान-3 परियोजना की लागत लगभग 600 करोड़ रुपये है. उन्होंने आगे पीएम मोदी का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने श्रीहरिकोटा के द्वार खोलकर भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को सक्षम करके इसे संभव बनाया है.

8. चंद्रयान-3 मिशन पर पूर्व इसरो वैज्ञानिक नंबी नारायणन ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए इसरो टीम को बधाई दी. उन्होंने कहा कि आशा करते हैं कि हमारे सामने एक बहुत ही सफल मिशन होगा. जो भी लोगों ने समर्थन दिया उसके लिए सभी का धन्यवाद करता हूं. वहीं इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी. माधवन नायर ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि मुझे यकीन है कि यात्रा का पहला भाग बहुत अच्छी तरह से शुरू हुआ है. हम लगातार प्रगति कर रहे हैं. कई जटिल प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया जाना है, जिसमें अपशिष्ट प्रबंधन, भोजन का प्रावधान और यहां तक कि किसी भी अप्रिय घटना के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा भी शामिल है. हालांकि, हम इसमें प्रगति कर रहे हैं.

### मुड़गाव पंचायत सचिव देवानंद बीसी को स्थानांतरण करवाने के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन-

# गौठान कार्य में लापरवाही के मामले को लेकर पूर्व में भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को कार्यवाही के लिए सौंपा था ज्ञापन फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं.-

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**देवभोग-** ग्राम पंचायत मुडागांव



में पदस्थ सचिव श्री देवानंद बीसी ग्राम पंचायत मुड़ागांव में सदैव अनुपस्थित रहते हैं,माह में मात्र 3 से 4 दिन ही ड्यूटी पर आते हैं बाकी समय गायब रहते हैं उनका फोन नंबर कभी भी नहीं लगता जिसमें ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के कार्य करने के लिए सचिव का चक्कर काटना पड़ता है,जन्म,मृत्यु प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन फार्म भरने के लिए आम जनता को आए दिनों बहुत परेशानी हो रही है,पंचायत विकास कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही है पंचायत भवन हमेशा बंद रहता है,शासन की महत्वपूर्ण योजना गोठान निर्माण कार्य में सचिव की लापरवाही के कारण



गोबर खरीदी का भुगतान 6 माह से लंबित है,एक किसान द्वारा 270 क्विंटल गोबर गौठान में बेचा गया है, जिसमें 6 माह में मात्र ?5000 की राशि ही मिल पाया है। गौठान कार्यों में लापरवाही के मामले को लेकर पूर्व में भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवभोग को आवेदन दे कर कार्यवाही के लिए अवगत करवाया गया था,किंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है देखिए अब शिकायत कलेक्टर तक गई है अब क्या होता है पता चलेगा।

## गरियाबंद जिले से बड़ी खबर

# मैनपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता लाखों के कीमती हीरो के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### नेशनल हाईवे मार्ग में दबनाई नाला के पास दो आरोपियों से 54 नग हीरे बरामद किए गए

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
**मैनपुर,**, गरियाबंद जिले से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आ रही है मैनपुर पुलिस ने नेशनल हाईवे 130 -सी में 54 नग लाखों रुपए की कीमती पत्थर हीरे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है,मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मैनपुर पुलिस ने नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग में हीरा बेचने के फिराक में दो युवक ग्राहक की तलाश में घुमने की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना गरियाबंद पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को दिया गया गरियाबंद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन एवं एसडीओपी पुलिस मैनपुर अनुज कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मैनपुर पुलिस मैनपुर से मात्र 8 किलोमीटर दूर गरियाबद नेशनल हाईवे सड़क में दबनाई नाला के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो युवक से पूछताछ किया, युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से 54 नग कीमती हीरा रत्न बरामद किया गया आरोपी सैयद हुसैन खान पिता जमील हुसैन उम्र 35 वर्ष आर आर नगर भवानीपुर विजयवाड़ा के पास से 30 नग हीरे बरामद किया गया वही दूसरा आरोपी कमाल खान पिता जमाल खान 38वर्ष धवलपुर गरियाबद जिला निवासी के पास से 24 नग हीरे बरामद किया गया है , हीरा को कागज की पोटली बनाकर जेब में छिपा कर रखा गया था जिसकी अनुमानित लागत ?3 लाख 75 हजार रुपए बताई जा रही है, मैनपुर पुलिस द्वारा धारा 379, 34 ,4-21 माइनिंग एक्ट के तहत कारवाही किया जा रहा है वही इस कार्यवाही में प्रमुख रूप से एएसआई जीवन लाल साहू ,आरक्षक जय कुमार यादव ,सुखसागर नाग ,अंगत राव एवं स्पेशल टीम की विशेष भूमिका रही है,





# बार बार नर तन नही धर्म का श्रवण करने से पुण्य का उपार्जन: महंत हरिदास

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**
**बेंगलुरू ।** मागड़ी रोड अग्रहारा स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में रामदेव भक्त मंडल व सनातन धर्म के तत्वाधान में आयोजित चातुर्मास विराजित संत महंत हरिदास ने अपने प्रवचन में कहा की मनुष्य जन्म बार बार मिलने वाला नही है। अनंत जन्मों के बाद यह अवसर मिला इस मनुष्य जन्म अमूल्य हीरा को पाकर मनुष्य को अपना जीवन संवारना चाहिए...रोटी कपड़ा और मकान यह मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं है। इनकी पूर्ति करते हुए मनुष्य को अपने मनुष्य जन्म के लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। जीवन में धन के साथ ध्यान का होना भी बहुत जरूरी है अन्यथा ध्यान के बिना धन विनाश का कारण बन जाता है। आज मनुष्य भौतिकता की अंधी दौड़ में अध्यात्म से बहुत दूर चला गया है आज मनुष्य के जीवन में सुविधाएं तो सब है। पर शांति नही है मनुष्य यह भूल गया है कि जीवन के दो पक्ष है। एक आध्यात्मिक और दूसरा भौतिक पक्ष ,मनुष्य को अपने जीवन में दोनो पक्षों को साधना चाहिए....जैसे पक्षी दोनो पंख से आकाश में उड़ान भरता है । ऐसे ही ध्यान और धन जीवन के दो पंख है ।इसलिए मनुष्य को धन के साथ साथ ध्यान को भी साधना चाहिए। आज के कार्यक्रम में प्रसाद व आरती के लाभार्थी पन्नालाल जांगिड़, राजेंद्र कुमार जांगिड़, संजय कुमार जांगिड़ रहे । सुगनचन्द जांगिड़, रामनिवास जांगिड़, बुधाराम जांगिड़, नेमिचंद जांगिड़ तिलोकराम जांगिड़ ने व्यवस्था में सहयोग दिया





## एनएसयूआई अध्यक्ष ने छात्रों से की मुलाकात

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** छात्रों द्वारा एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अंकित तोमर का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष अंकित तोमर भिंड जिले के लीड कॉलेज एमजेएस कॉलेज पहुंचे उनके साथ आयुष चतुर्वेदी एवं अन्य छात्रगण मौजूद रहे। छात्र नेता आयुष ने कॉलेज के प्रिंसिपल व अन्य प्रोफेसरों से अध्यक्ष की मुलाकात कराई। अध्यक्ष ने छात्रो से उनके लिए संघर्ष करने की बात की है।

# जनपद सदस्य ने जन्मदिन के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियो का किया सम्मान



**दैनिक पुस्पांजली टुडे**
**गोहद।**गोहद में जनपद पंचायत सदस्य थानसिंह उर्फ थानू गुर्जर के जन्मदिन के अवसर पर मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया, जिसमें जनपद पंचायत क्षेत्र के बोई परीक्षा में 60त्न प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले ÷समस्त छात्र - छात्राओं को सम्मानित कर शील्ड, सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा शासकीय सेवाओं से इस वर्ष सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों को साल श्रीफल भेंट कार सम्मानित किया गया तथा साथ ही इस वर्ष शासकीय सेवाओं के नवनियुक्त हुए समस्त छात्रों को सम्मानित किया गया संत श्री श्री 1008 शीतलदास जी महाराज (देवनारायण धाम घाटीगाँव) द्वारा सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर सभी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की

# ऊमरी पुलिस द्वारा 12 पेटी देशी शराब सहित एक टीयुवी 300 कार जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार जप्त मसरूका की कीमत साढ़े आठ लाख रुपये

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**
**ऊमरी।** दिनांक 13/07/2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश खरपूसे के निर्देशन में तथा श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड अरविन्द शाह के मार्ग दर्शन में अवैध शराब विक्रय व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा 50000 रुपये कीमत की 12 पेटी देशि शराब व एक ञ्जङ्क 300 कार जप्त कर एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार दिनांक 12/07/2023 को वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की ञ्जङ्क 300 कार जिसका नम्बर 7990 है जो जामना रोड होते हुए बिलाव तरफ जा रही है जिसमें शराब की पेटियां भरी हुई है। मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से तत्काल बिलाव सिकहाटा चौराहा पर चैकिंग पोइंट लगाकर चैकिंग की गई तो जामना रोड तरफ से आ रही एक सफेद रंग की 300 कार क्र. 7990 आती हुई दिखी जिसका चालक पुलिस को देखकर वाहन को बैक कर भागने की कोशिश करने लगा जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा। उक्त वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें 12 पेटी देशी मदिरा प्लेन की मिली। वाहन चालक से उक्त शराब के संबंध में लायसेंस चाहा गया जिसके द्वारा कोई वैध लायसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त शराब व वाहन को मौके पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना ऊमरी पर अपराध क्र. 176/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी से शराब लाने व ले जाने के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध थाना डबरा, तथा थाना पनिहार जिला ग्वालियर में अवैध हथियार रखने व चोरी के अपराध दर्ज है।




**अपराधी के नाम**-छोटू सिंह कुशवाहा पुत्र विजय सिंह कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी तिवारी मोहल्ला मोहना
जिला ग्वालियर

**जप्त मसरूका का विवरण**-1- 01 महिन्द्रा ञ्जङ्क 300 कार कीमती 8,00000 रुपये 2-12 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 50000 रुपये

**सराहनीय भूमिका**-उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उ.नि. विजय
शिवहरे चौकी प्रभारी अकोडा, आरक्षक आलेश यादव, संतोष जाट, धर्मपाल परिहार, भानु भदौरिया, विमल भदौरिया, कुलदीप जाट, जितेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवा कांग्रेस घर-घर दस्तक देकर भरवाएगी समृद्धि कार्ड

**गुना।** विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस अब युवा कांग्रेस के माध्यम से घर-घर जाकर समृद्धि कार्ड भरवाएगी। इसमें महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह, पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, पुरानी पेंशन, किसानों के ऋष्टा माफ सहित अन्य गारंटियों का उल्लेख रहेगा। समृद्धि कार्ड के संबंध में युवा कांग्रेस ने राजीव गांधी कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिलभर की बैठक आयोजित की। जिसमें सोमवार से अभियान के तहत घर-घर दस्तक देने के निर्देश दिए। इस मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी ने प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आने पर सरकार के पांच वादों को प्रदेश का समृद्धि कार्ड बताया।

इस मौके पर युवा कांग्रेसजनों ने बताया कि गुना सहित प्रदेश के सभी जिलों में समृद्धि कार्ड भरवाने का निर्णय विगत दिवस भोपाल में हुई बैठक में लिया गया है। हमारे प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष डा.विक्रांत भूरिया का कहना है कि प्रदेशवासियों से समृद्धि कार्ड भरवाया जाएगा। इसमें पार्टी की सरकार बनने पर जो पांच गारंटियां लागू की जाएंगी, उनके लिए पंजीयन होगा।



उल्लेखनीय है कि मप्र विधानसभा चुनाव के रण में भाजपा और कांग्रेस जनता को अपने साथ जोडने् और उनका भरोसा जीतने हर संभव कोशिश करती हुई नजर आ रही हैं। दोनों ही दलों के अपने दावे और वादे हैं। इस सबके बीच प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में गारंटी वाली सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस जनता को बेहतर सुविधा देने का वादा कर रही है। पार्टी ने अब समृद्धि कार्ड लांच किया है। जिसके तहत नेता कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर फॉर्म भरवाएंगे और पोस्टर लगाएंगे। ताकि पार्टी के पक्ष में माहौल बन सकें। विगत दिवस भोपाल में पीसीसी चीफ कमलनाथ ने यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया की मौजूदगी में समृद्धि कार्ड लांच किया था। इधर रविवार को कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक में युवा कांग्रेस ने समृद्धि कार्ड योजनाओं को लेकर व्यापक रूपरेखा बनाई गई। बैठक में जिले के चारों ब्लॉक अध्यक्षों के अलावा मंडलम् एवं सेक्टर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

**कांग्रेस की 5 गारंटी**-दरअसल कांग्रेस कर्नाटक की सफलता एमपी में दोहराने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। समृद्धि कार्ड अभियान के तहत यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर जनता से फॉर्म भरवाएंगे और साथ ही 5 गारंटी वाला पोस्टर भी चस्पा करेंगे। समृद्धि कार्ड के तहत 5 गारंटी मिलेंगी। इनके बारे में लोगों को जानकरी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रमोद रघुवंशी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस,अनीश खान विधानसभा अध्यक्ष, सैफुद्दीन प्रदेश सचिव, विकास चंदेल जिला उपाध्यक्ष, अनिल रघुवंशी प्रवक्ता, मोनू यादव ब्लॉक अध्यक्ष, नीतू रघुवंशी ब्लॉक अध्यक्ष, सोनू नायक, सौरभ धाकड़ समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जनपद सदस्य ने जन्मदिन के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियो का किया सम्मान

दैनिक पुस्पांजली टुडे

**गोहद।**गोहद में जनपद पंचायत सदस्य थानसिंह उर्फ थानू गुर्जर के जन्मदिन के अवसर पर मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया गया, जिसमें जनपद पंचायत क्षेत्र के बोई परीक्षा में 60त्न प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले ÷समस्त छात्र - छात्राओं को सम्मानित कर शील्ड, सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा शासकीय सेवाओं से इस वर्ष सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों को साल श्रीफल भेंट कार सम्मानित किया गया तथा साथ ही इस वर्ष शासकीय सेवाओं के नवनियुक्त हुए समस्त छात्रों को सम्मानित किया गया संत श्री श्री 1008 शीतलदास जी महाराज (देवनारायण धाम घाटीगाँव) द्वारा सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर सभी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की

# बाल कलाकार काशवी अग्रवाल व जितेंद्र गुरु का समाजसेवी अभय ने किया सम्मान

हाल ही में ज़िद्दी दिल साना इंटरनेट व सोशल साइड पर रिलीज हुआ जिसके रिलीज होने के बाद से यह काफी चर्चा में रहा इस वीडियो साना में दतिया की प्रतिभावान बेटी बाल कलाकार काशवी अग्रवाल के अभिनय व विश्व रिकॉर्डधारी व वीडियो के निर्देशक जितेंद्र गुरु को इस साना के लिए काफी सराहना मिली तथा इसी को देखते हुए रतन मैगा माल दतिया मे पंहुचकर दतिया के लोकप्रिय समाजसेवी व युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी ने जिद्दी दिल साना के बेहतरीन अभिनय के लिए बाल कलाकार काशवी अग्रवाल, बाल कलाकार देविशा अग्रवाल व वीडियो निर्देशक जितेन्द्र गुरू का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर व भगवान भोले नाथ का चित्र, स्मृति चिंह भेटकर कर सम्मानित किया। तथा सभी बाल कलाकारों को बधाई शुभकामनाएं दी तथा समाजसेवी अभय ने कहा कि दतिया मे कला और कलाकारों की कमी नही है बस खोजकर निकालने वाला चाहिए आपको बता दे काशवी,देविशा अग्रवाल रतन मैगा माल के मालिक व प्रसिद्ध समाजसेवी अमित अग्रवाल की पुत्री है व सोशल मीडिया पर छाए ज़िद्दी दिल साना में बाल कलाकार काशवी अग्रवाल एवं विश्व रिकार्डधारी जितेंद्र गुरु ने शानदार एक्टिंग करते हुए अपने-अपने किरदार निभाया हैं इस वीडियो की सबसे खास बात यह भी है कि इसे दतिया के प्रमुख स्थलों पर ही शूट किया गया है



# आशा विमला यादव को मिला राज्य स्तर पर पुरूस्कार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों तक परिवार नियोजन सेवाएं पहुंचाने में संभाग में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर पोहरी विकासखंड के ग्राम खरई डाबर की आशा कार्यकर्ता श्रीमती विमला यादव को राज्य स्तर पर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. श्रीमती प्रियंका दास द्वारा पुरूस्कृत किया गया।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर शिवपुरी रविन्द्र कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन ने निर्देशन में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित परिवार कल्याण कार्यक्रम में भी उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है। जिसके तहत एलटीटी, एनएसव्हीटी आपरेशन कराना, छाया टेबलेट प्रदाय कराना, कॉपर टी एवं अंतरा इजेक्शन लगवाना सहित कंडोम का वितरण करना प्रमुख है। इस कार्य के लिए आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा नव दंपत्ती पंजीयन से लेकर विवाह के दो बर्ष बाद संतान ही अच्छी, पहले के बाद दूसरे बच्चे में 3 बर्ष का हो अंतर जैसे प्रेरक नारों के साथ परामर्शी कार्य किया जाता है। जिले में आशा दीदीयों के द्वारा जन संख्या स्थरीकरण को लेकर उत्कृष्ट कार्य किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन ने बताया कि राष्टीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें शिवपुरी जिले के पोहरी विकासखंड के ग्राम खरई डाबर की आशा कार्यकर्ता श्रीमती विमला यादव को शादी के बाद



बच्चों में दो बर्ष का अंतर, प्रथम बच्चे के बाद दूसरे बच्चे में 3 बर्ष का अंतर , पीपीआयूसीडी लगवाने सहित एफपीएलएमआईएस में इंडेट के लिए ग्वालियर संभाग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिस पर मिशन संचालक श्रीमती प्रियंका दास द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान पुरूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में डिस्ट्रिक कम्यूनीटि मोबलाइजर शेर सिंह रावत भी उपस्थित रहे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचव्ही शर्मा, डॉ अलका त्रिवेदी, डॉ शीतल प्रकाश व्यास, डॉ हेमंत रावत, अखिलेश शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के बरिष्ठ अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ता श्रीमती विमला यादव को उत्कृष्ट कार्य में सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दी ।

## दबोह एवं आलमपुर ब्लॉक में कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक संपन्न हुई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**लहार ।** ब्लॉक दबोह एवं आलमपुर कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक



मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ इफको के डायरेक्टर डॉ अमित प्रताप सिंह की मौजूदगी में संपन्न कराई गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए अमित प्रताप सिंह नें युवाओं को सोशल मीडिया के सदुउपयोग के बारे में बताया, और कहा कांग्रेस की विचारधारा से युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का काम किया जाए लहार विधानसभा में किए गए विकास कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का सभी कार्यकर्ता काम करें बैठक में कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया नें कांग्रेस सोशल मीडिया के कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग देने का काम किया बैठक में आवेश खान, आशीष चौहान, राजा भैया पाल,अनीस अहमद,नें भी अपने अपने विचार रखे बैठक कांग्रेस कार्यालय दबोह और आलमपुर कांग्रेस कार्यालय पर रखी गई.विधानसभा अध्यक्ष आवेश खान, कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष राजा भैया पाल,जिला उपाध्यक्ष अंशु राजावत,जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रतीश विश्वास,जिला उपाध्यक्ष, आशीष चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष दबोह अनीश अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष आलमपुर भानु राठौर,कार्यालय प्रभारी दबोह राजेंद्र खेमरिया,कलीम पठान,मोनू सेन,पुष्पेंद्र भदोरिया,भीम राठौर, सुदामा कौरव,राशिद खान,फरियाद पठान ,जीतू रोनी,करू यादव,राहुल यादव बाड़पुरा,आकाश जाटव,सर्वेश कुशवाह,विकास कौरव,रामकुमार कुशवाह,अनुराग सविता,उमाकांत पाठक,विवेक नंबरदार,अमन खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में शामिल रहे।

## खोकसरा मंदिर पारा हेण्डपम्प बिगड़ने से पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।देवभोग** -खोकसरा पंचायत के मंदिर पारा में हेण्डपम्प खराब हुई है, इस हेण्डपम्प से अधिक वार्ड वासी खाना पकाने व पीने के लिए उपयोग में लाते हैं।खोकसरा ग्रामीणों का कहना है कि जब एक दिन अचानक हेण्डपम्प बिगड़ गई, तो उसी दिन से पारा वाले पानी के लिए दूर कोष लगभग 2 किमी दूर पैदल चल कर लाना पड़ रहा हैं। कुछ ग्रामीण जनों ने संबंधित पी एच ई विभाग अधिकारी सिदार से फोन के माध्यम से हेण्डपम्प खराब हुई जानकारी अवगत करवाया गया। फिर भी अधिकारी सुधार करने के लिए समय पे समयदिया जा रहा है। इधर ग्रामीण



जन पानी के लिए तरस रहे हैं। उधर अधिकारी मोन लगाएं कुर्सी में बैठे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता जरूरत मंद क्षेत्र के लिए दरदर ठोकरें खा कर जीवन व्यतीत करना पड़ता हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यत आवश्यक जरूरीहै पानी, भोजन, कपड़े व शर ढकने के लिए छत कि ज़रूरत होती हैं। ग्रामीण पी एच ई विभाग अधिकारी से फोन के माध्यम से जानकारी दी गई। लेकिन अभी तक हेण्ड्पम्प का सुधार नहीं हुई हैं। जिससे ग्रामीण जनों ने आक्रोश जताई जा रही हैं। यदि एक दो दिन के अंदर में हेण्डपम्प को सुधार नहीं होती हैं तो सभी आम जनता मिल कर कार्यालय कलेक्टर गरियाबंद के दफ्तर में जा कर लिखित रूप से आवेदन थमाई जाएगी, छत्तीसगढ़ राज्य कांग्रेस सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब व्यक्तियों के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू कर लाभान्वित किया जा रहा हैं। गांव में छोटी सी छोटी समस्या क्यों न हो तुरंत पहल होनी चाहिए इस लिए प्रदेश सरकार ने अधिकारी व कर्मचारीयों को सदैव हमेशा ग्रामीण जनों से लगाव रखने के लिए निर्देश किया गया है। लेकिन आज दिन पर्यन्त तक हेण्डपम्प के बारे में कुछ भी पहल नहीं हुई हैं। दिनों दिन पानी के लिए सभी ग्रामीणों को समस्या से जूझना पड़ रहा हैं।

## ग्राम पंचायत लाटापारा के आश्रित ग्राम कांड़ पारा में बिजली की सुविधा हेतु ट्रांसफर लगने से लोगो मे खुशी का माहौल

### ग्रामीणो ने आभार व्यक्त किया भाजपा के वरिष्ठ नेता भागीरथी मांझी का जनसेवा ही मेरा धर्म कर्म हैभागीरथी मांझी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग ।**देवभोग ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाटापारा के आश्रित ग्राम कांड़ पारा में विगत दिनों बिजली के ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण लोगों को बहुत ही समस्या हो रही थी एक ओर बरसात का मौसम जहां पानी गिरने के वजह से रात में कई प्रकार के जहरीले कीड़े सांप विशैले जंतूओ का डर एवं इधर स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत हो रही थी इस गंभीर समस्या से निजात पाने लोगों ने कई प्रयास किए और यह समस्या को भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश



उपाध्यक्ष अनुज़ जनज़ जाती भागीरथी मांझी को अवगत कराया मामला के जानकारी लगते ही भागीरथी मांझी जी ने कनिष्ठ यांत्रिक बिजली विभाग के अधिकारियों से लगातार सम्पर्क बनाकर आड़ पारा में नया ट्रांसफार्मर लगवाया बिजली आते ही लोगों के चेहरे में मुस्कान दिखाई दी और बच्चे खुशी से नाचने लगे सभी गांव के जनता ने भागीरथी मांझी जी को इस काम के लिए धन्यवाद दिया मांझी ने कहा कि आप सभी का सेवा ही मेरा परम धर्म है जन सेवा ही करना मेरा लक्ष्य है।बता दे कि कुछ दिनों से ट्रांफार्मर के खराब हो जाने से गांव वालों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था।

## प्रोटोकॉल का दुरूपयोग क्यों देखने में आता है

जब भी कोई बडा नेता आता है बहुत सारी तैयारियाँ शुरू हो जाती है रोड की साड सफाई , बैरिकेट्स , पेट्रोलिंग आदि उपरोक्त सभी कार्य सही है लेकिन प्रोटोकॉल के नाम पर रोड पर गाडियों के साथ जो चाटुकारों का काफिला चलता है उसको हम किस प्रोटोकॉल के तहत देखेंगे आज हमारी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का ग्वालियर में आगमन हुआ हमारे लिए गर्व की बात है लेकिन एक सवाल अभी भी खडा हुआ है चाटुकारों की गाडियां काफले में घुसकर प्रोटोकॉल की धज्जियाँ उडाकर रास्ते को जाम कर आम जनता के लिए



बहुत बडी समस्या बन चुकी है घंटो जाम लगा रहता है जबकि होना यह चाहिए कि यह लोग राष्ट्पति के कार्यक्रम में रह सकते हैं शामिलदेश के राष्ट्रपति के किसी भी कार्यक्रम में सिर्फ विशिष्ट व्यक्ति और अधिकारी ही शामिल हो सकते हैं. इसमें राज्यपाल प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक, सरकार के सचिव (राजनीतिक), पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी, रक्षा सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारी ही राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं. राष्ट्रपति का स्वागत एयरपोर्ट पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री करते हैं.फिर रोड पर 50 गाडियों के काफिले की क्या जरूरत यह सवाल आम जनता का है

**समाजसेवी**
**अरुणेश सिंह भदौरिया**



## मारुति नंदन गौ सेवा धाम खेता हनुमान मंदिर, करई में ग्रामवासियों के साथ महिला कांग्रेस शिवपुरी की जिला अध्यक्ष रचना शेरा सिंह जाटव ने वृक्षारोपण किया

तत्पश्चात 108 स्वामी श्री राजेंद्र गिरीश महाराज के आशीर्वाद का पुण्य लाभ लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण की रक्षा में अपना सहयोग प्रदान करते हुए एक वृक्ष लगाने एवं उसकी रक्षा करने का प्रण अवश्य लें इस कार्यक्रम में अरुण पहाड़िया अशोक रावत एवं श्रीनिवास रावत पंडित चतुर्भुज चौधरी हुकुम सिंह रावत राम कृष्ण रावत (पप्पू) आकाश परिहार सुरेंद्र नगरिया पंडित गजेंद्र शास्त्री ओम प्रकाश रावत ने अपना सहयोग दिया।

## प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका निभाएं : आशुतोष तिवारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त एवं आकांक्षी लहार विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी आशुतोष तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व की मनसा है मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में अब की बार 200 बार में जिले की पांचो विधानसभा के साथ-साथ लहार विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का परचम फेरे इसके लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर अपनी अहम भूमिका के साथ एकजुट आएंगे तो निश्चित हमें लक्ष्य अधिक सफलता प्राप्त होगी। अपने बूथ केंद्र पर पार्टी ने तय किया है की 51 प्रतिशत वोट अपने-अपने बूथ केंद्रों पर पार्टी को विजय बनाने के लिए मजबूत करें। यह उद्गार उन्होंने भिण्ड सर्किट हाउस पर आयोजित पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ रमेश दुबे प्रदेश कार्य समिति की सदस्य कृष्णकांता तोमर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन मंचासीन रही।

**बैठक संचालन जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा द्वारा किया गया-**इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य सीमा शर्मा,सरोज जोशी, भाजपा जिला मंत्री रश्मि खटीक , अनीता चोपड़ा जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह राजावत, विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी ज्योति सुदर्शन बौहरे, पिंकी राजावत मालती जाटव, शशि भारद्वाज, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिव कुमार राजौरिया, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा एडवोकेट सुनील बाल्मिक, नरेंद्र जी सूरज बरुआ, राजीव बरुआ, प्रतीक पांडे,आदि कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद थे

## आम आदमी पार्टी ने किया भिंड विधायक संजीव सिंह के बंगले का घेराव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### पटवारी परीक्षा घोटाले को लेकर विधायक संजीव सिंह से मांगा इस्तीफा

### कलेक्टर को ज्ञापन सौप सीबीआई से जांच कराने की मांग की

### विधायक का बंगला को पुलिस ने बना दिया था पुलिस छावनी

**भिण्ड ।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद जोशी के नेतृत्व में एक सैकडा कार्यकर्ताओं ने भिण्ड विधायक के बंगले का घेराव किया।विधायक की अनुपस्थिति में विधायक प्रतनिधि को ज्ञापन सौंपाकर विधायक संजीव सिंह कुशवाह के इस्तीफे की मांग की । अभी हाल ही में भिंड सदर विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू के कॉलेज एन.आर.आई. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट में पटवारी परीक्षा हुई, जिसमें लगभग 300 करोड़ के घोटाले की आशंका है। ज्ञापन में निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही की मांग की

1. एन.आर.आई. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट ग्वालियर में पटवारी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की जांच का मामला उच्च स्तरीय सी.बी.आई. जांच एजेन्सी द्वारा कराई जाये।
2. पटवारी व्यापम परीक्षा को रद्द का पुनः परीक्षा कराने की मांग को विधानसभा में विधायक के द्वारा रखा जाये ।
3. पटवारी व्यापम परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित किया




जाये ।4. इसमें जो भी दोषी पाया जाये, उन पर सख्त कार्यवाही की जावे ।
5. इस परीक्षा से आहत होकर जिन छात्रों ने आत्महत्या जैसे मामले हुए हैं, उनके परिवार को उचित मुआवजा देना सुनिश्चित किया जाये।
6. पटवारी परीक्षा के भ्रष्टाचार की जांच निष्पक्ष रूप से हो सके। इसके लिए विधायक संजीव सिंह कुशवाह अपना इस्तीफा देना सुनिश्ति करें।

कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में मुख्य मांगे आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर सौपे ज्ञापन पत्र में कहा कि भिण्ड विधायक संजीव सिंह कुशवाह के कॉलेज एन.आर.आई. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट में पटवारी 50 परीक्षा हुई, जिसमें लगभग 300 करोड़ के घोटाले की आशंका है जिसमें आपसे निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही की मांग की है।

1. आर.आई. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट ग्वालियर में पटवारी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की जांच का मामला उच्च स्तरीय सी.बी.आई. जांच एजेन्सी द्वारा कराई जाये।
2. पटवारी व्यापम परीक्षा को रद्द का पुनः परीक्षा कराने की मांग को विधानसभा में आपके द्वारा रखा जाये ।
3. पटवारी व्यापम परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जान सुनिश्चित किया जाये।
4. इसमें जो भी दोषी पाया जाये, उन पर सख्त कार्यवाही की जावे ।
5. इस परीक्षा से आहत होकर जिन छात्रों ने आत्महत्या जैसे मामले हुए हैं, उनके परिवार को उचित मुआवजा देना सुनिश्चित किया जाये।

## टमाटर की व्यथा



जब मैं सस्ता था तो कूटकूटकर
चटनी बना दिया जाता था

ऊपर से मुझमें लाल मिर्च
छिड़क दिया जाता था

तुम्हारे घर की फ्रिज और
टोकरी में लावारिस पड़ा रहता था

सड़ता ,गलता था मगर
मेरी फिक्र भला कौन करता था ड

जब से मेरे भाव बढ़े
लोग मेरा पता लगाते फिरते हैं

मगर मुझे घर लाने की
हिम्मत लोग कहां करते हैं ड

निडर घूम रहा मैं बाजारों में
मुझे देख लोग अब डरते हैं

चर्चा बना हुआ हूं सुर्खियों में
मेरे संग सेल्फी लोग पसंद करते हैं

बड़ा आदमी बना हूं जब से
दाम फलों के ही, मैं बिकता हूं

सब्जी की टुकनी से उठकर
मैं संग फलों के बैठता हूं

जब मैं सस्ता सरल कभी था
तुरंत काट दिया जाता था

देख लोग छूते नहीं बाजारों में
जिनको पहले कभी मैं भाता था

खट्टा भाई नीबू भी मेरा साथी है
रस निकाल लो खूब नीबू के तुम

अब आगे नीबू की ही बारी है
जन हित हेतु मेरा संदेश यह काफी है

**प्रियंक खरे (सोज)**
**हिन्दी कवि**

# हिमाचल: प्रकृति का प्रतिशोध

*हिमाचल के भौगोलिक परिदृश्य पर जब हम नजर दौड़ाते हैं तो प्राकृतिक सौंदर्य की सुंदर अनुभूति हमारे मन–मस्तिष्क को पुलकित कर देती है। हिमाचल का जब कहीं कोई जिक्र चलता है तो इसकी प्राकृतिक भौगोलिक सुंदरता का दृश्य सहज ही हमारे जहन में आ जाता है।*

मॉनसून की भारी वर्षा ने यूं तो उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक काफी नुक्सान पहुंचाया है लेकिन सबसे ज्यादा पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रभावित हुआ है। जल प्रलय से हिमाचल के पुल, सड़कें, मकान एक के बाद एक ध्वस्त हो रहे हैं और पहाड़ों से आ रहा मलबा हिमाचल की जो तस्वीर बना रहा है उससे राज्य के लोगों का दर्द काफी बढ़ चुका है। राज्य का विकास थरथर कांप रहा है। लगातार हो रही मौतों से चारों तरफ क्रंदन ही क्रंदन सुनाई देता है। दरक रहे पहाड़ों को देखकर ऐसा लगता है कि अब प्रकृति के कहर को मापना मुश्किल हो चुका है। कुछ दिन पहले तक हिमाचल में पर्यटकों की भीड़ थी लेकिन राज्य में बाढ़, बादल फटने, जल धाराओं में उफान और भूस्खलन में मौतों की खबरों के बाद पर्यटकों ने दूरी बना ली है और फंसे हुए पर्यटक किसी न किसी तरह वापिस लौट रहे हैं। प्रकृति के कहर ने एक बार फिर यह साबित किया है कि मनुष्य कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो जाए कुरदत के रौद्र के सामने उसका अस्तित्व कुछ भी नहीं है। उत्तराखंड की केदारनाथ त्रासदी के बाद भी मनुष्य ने कुछ नहीं सीखा। सब जानते हैं कि मनुष्य ने विकास के नाम पर प्रकृति पर जो कहर ढाया था उसी का प्रतिशोध प्रकृति ले रही है। हिमाचल की पूर्व की सरकारों ने विकास के नाम पर जो कुछ भी किया उसी के चलते ही हिमाचल के खौफनाक दृश्य सामने आए। अब हालात ऐसे हैं कि जो विज्ञान राज्य के लोगों को वरदान लगता था, आज वही श्राप लगने लगा है। हिमाचल के भौगोलिक परिदृश्य पर जब हम नजर दौड़ाते हैं तो प्राकृतिक सौंदर्य की सुंदर अनुभूति हमारे मन–मस्तिष्क को पुलकित कर देती है। हिमाचल का जब कहीं कोई जिक्र चलता है तो इसकी प्राकृतिक भौगोलिक सुंदरता का दृश्य सहज ही हमारे जहन में आ जाता है। गौरव के साथ खड़े पहाड़, निरंतर जीवन प्रवाह के साथ बहती नदियां, हरितिमा से ओत–प्रोत वन इस पहाड़ी प्रदेश को एक अलग पहचान देते हैं। वर्तमान में इंसान ने औद्योगिकीकरण और भीड़भाड़ से हटकर शांत स्थानों पर आशियाने की तलाश में पहाड़ों व वनों से छेड़छाड़ को अंजाम देना शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में पहाड़ियों को काटना व कुरेदना निरंतर जारी है। प्रतिबंध होने के बावजूद अवैध व अवैज्ञानिक खनन चोरी–छिपे और कहीं–कहीं तो सरेआम जारी है। घने जंगलों तक भी आज के मशीनीकरण ने अपनी पहुंच बना ली है। इसके परिणामस्वरूप पहाड़ियों को समतल बनाने की प्रक्रिया बदस्तूर जारी है। गड्ढों, नालों व प्राकृतिक प्रवाहों से छेड़छाड़ व उन्हें अवरुद्ध करने का खामियाजा व्यक्ति को बरसात के दिनों में सामान्यत: हर वर्ष ही भुगतना पड़ता है। जब प्रकृति



प्रवाहों की बाधाओं को हटाने के लिए संघर्ष करती है तो वह इसके कई भयावह निशान मानवीय बस्तियों की क्षति के रूप में छोड़ जाती है। उन हालात में हमें प्रकृति के प्रति अपने दृष्टिकोण व व्यवहार को बदलने की अकल आती है। दुख यह कि यह विवेक भी कुछ वक्त के लिए ही रहता है और थोड़े ही वक्त में हम सब कुछ भुलाकर उसी पुराने ढर्रे पर आ जाते हैं जहां से सीधे–सीधे प्रकृति के प्रभुत्व को चुनौती मिलती है। हिमाचल के पर्यटक स्थलों पर, नदियों और नालों पर घ्होटल बना दिए गए। लोगों ने नदियों को नजरंदाज कर अपनी जमीन से कहीं आगे बढ़कर नदियों के किनारे मकान बना लिए। लोगों ने सोचा कि नदियां अब उनसे काफी दूर हो गई हैं। जबकि नदियां अपना रास्ता कभी नहीं भूलतीं। जब भी बाढ़ आएगी तो नदियां अपना रास्ता खोज लेती हैं। पुराने जमाने में घर और बस्तियां नदियों से बहुत दूर थीं। नदियों को अविरल बहने दिया जाता था। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में लगभग 12 हजार ऐसी छोटी नदियां हैं जिनके अस्तित्व पर खतरा पैदा हो चुका है। लगभग 6000 नदियां हिमालय से उतर कर आती थीं। अब उनमें से महज 500 का ही अस्तित्व बचा है। नदियों का मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है। हिमाचल में अब तक 4000 करोड़ का नुक्सान हो चुका है। राज्य की सड़कों बिजली के ट्रांसफार्मरों विद्युत उपकेन्द्रों और जल आपूर्ति परियोजनाओं को भारी नुक्सान पहुंचा है। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र से हिमाचल की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और हर सम्भव मदद का आग्रह घकिया है। राज्य सरकार इस विकट स्थिति से निपटने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है लेकिन जितना नुक्सान हो चुका है उसके पुनर्निर्माण और स्थिति सामान्य होने में काफी समय लग जाएगा। मंडी, धर्मशाला, चम्बा, शिमला, कुल्लू, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल में स्थितियां बहुत विकट हो चुकी हैं। भारी वर्षा से नुक्सान तो पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड में भी हुआ है। राज्य सरकारों कोध्इस आपदा से सबक सीखना चाहिए और उन्हें अंधाधुंध शहरीकरण की बजाय हिमालय परिस्थिति को ध्यान में रखकर विकास का मॉडल अपनाना चाहिए। हिमाचल में जहां भी सड़क बनी वहीं बाजार बन गया और जहां बाजार बना वहीं सड़क बन गई। अब तो ऊना में भी डूबने के मंजर दिखाई दे रहे हैं और चम्बा की वादियां भी डूब रही हैं। प्रकृति के नियमों के विरुद्ध घविकास का खामियाजा इंसान भुगत रहा है। केवल पर्यावरण की योजनाएं बनाने से कुछ नहीं होगा। पहाड़ी राज्यों में भ्रष्टाचार मुक्त विकास की जरूरत है ताकि नवसृजन किया जा सके। प्रकृति के प्रभुत्व से कौन टकरा सकता है।

# मणिपुर हिंसा का मानवीय पक्ष

**आदित्य नारायण**

मणिपुर की अन्तर्जनजातीय हिंसा को लेकर निश्चित रूप से पूरे देश के लोगों में बेचैनी का माहौल है और यह जानने की उत्सुकता भी है कि आखिरकार इसका मूल कारण क्या है? यह सत्य है कि अधिसंख्य उत्तर व दक्षिण के लोगों को पूर्वोत्तर राज्यों की सामाजिक–आर्थिक व राजनैतिक संरचना के बारे में गहरे से जानकारी नहीं होती है। इसमें भी अगर हम हिन्दी क्षेत्र के लोगों के बारे में बात करें तो उन्हें सबसे कम जानकारी रहती है। इसके कई कारण हैं जिनमें एक प्रमुख कारण यह भी माना जाता है कि हिन्दी पत्रकारिता पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में उदासीन रही है लेकिन अब समय बदल चुका है और इंटरनेट का जमाना है अतः आज की युवा पीढ़ी पुरानी वर्जनाओं को तोड़ कर जब चाहे आगे निकल सकती है। मणिपुर की हिंसा पर देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गहरी चिन्ता जताई थी और विगत 3 जुलाई को आदेश देकर राज्य सरकार से पूछा था कि वह तब तक की राज्य की परिस्थितियों के बारे में उसे अवगत कराये। अतः राज्य सरकार ने सिलसिलेवार कल न्यायालय में ब्यौरा रखते हुए बताया कि विगत 4 जुलाई तक राज्य में हिंसा के चलते कुल 142 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है और 54 हजार से ज्यादा नागरिक बेघर–बार होकर राहत शिविरों में शरण लिये हुए हैं। सबसे ज्यादा हिंसा व आगजनी की घटनाएं राजधानी इम्फाल के इर्दर्घ–गर्द इलाकों में ही हुई हैं उसके बाद पहाड़ी क्षेत्र के चन्द्रचूढ़पुर जिले में सबसे ज्यादा लोग मरे हैं। साथ ही घाटी के विष्णुपुर व काकचिंग में हिंसा की बड़ी घटनाएं देखने में आयीं। राज्य सरकार ने इस हिंसा पर काबू पाने के लिए सभी संभव प्रयास किये हैं और अब इसमें कमी आ रही है। राज्य सरकार मैतेई व कुकी जनजातियों द्वारा बनाये गये बंकरों को भी नष्ट करने का अभियान चला रही है जिससे लोग अपने–अपने काम–धंधे के बारे में सोच सकें और खेती–किसानी की तरफ बढ़ सकें। राज्य में फिलहाल धान की बुवाई का काम चल रहा है। जाहिर है कि राज्य सरकार ने अपनी तरफ से सर्वोच्च न्यायालय को यह समझाना चाहा कि वह अपने नियन्त्रण में सारी सरकारी मशीनरी और अधिकारों का प्रयोग करके हिंसा पर काबू पाने के प्रयासों में लगी हुई है। मगर दूसरी तरफ यह भी हकीकत है कि राज्य की चुनी हुई एन. बीरेन सिंह सरकार की नाक के नीचे दो जनजातियों के बीच वैमनस्य का इतना जबर्दस्त माहौल क्या रातों–रात ही बन गया? कुकी और मैतेई जनजातियों के समुदायों में एक–दूसरे के प्रति अविश्वास का माहौल बनाने में क्या कोई राजनीति भी रही है? ये सब एक प्रश्न हैं जिनके बारे में सवाल उठने लाजिमी हैं परन्तु सर्वोच्च न्यायालय का इनमें कोई दखल नहीं हो सकता। शायद यही वजह रही कि कल मणिपुर हिंसा मामले पर सुनवाई करते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने दोनों ही पक्षों के वकीलों से साफ–साफ कहा कि वे यह स्पष्ट रूप से समझ लें कि हम इस न्यायालय में चल रही कार्यवाही का उपयोग राज्य में हिंसा को और बढ़ावा देने के लिए नहीं कर सकते। अतः न्यायालय उनसे अपील करता है कि वे न्यायालय को ऐसा मंच बनाने का प्रयास न करें जिससे हिंसा और भड़के और वे समस्याएं और मुखर हों जो इस राज्य में पहले से ही चल रही हैं। न्यायमूर्ति



चन्द्रचूड़ का पूरा देश दिल से सम्मान करता है। उन्होंने ये विचार निश्चित रूप से मणिपुर की स्थितियों का अध्ययन करने के बाद पूरे कानूनी नुक्तों का ध्यान रखते हुए ही व्यक्त किये होंगे अतः राजनैतिक दलों का भी यह कर्त्तव्य बनता है कि वे वोटों का गुणा–गणित छोड़ कर इस राज्य के लोगों के जीवन को शान्तिमय व सुखी बनाने के लिए सभी संभव प्रयास करें। सवाल यह नहीं है कि राज्य में भाजपा की सरकार है और केन्द्र में भी इसी पार्टी की सरकार है बल्कि सवाल यह है कि भारत के एक सीमान्त राज्य में लोग आपस में ही लड़ रहे हैं और जिस देश में लोग आपस में ही लड़ने लगें वह देश कभी मजबूत नहीं हो सकता। अतः राष्ट्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि सभी राजनैतिक दल इस राज्य में अपना एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेज कर लोगों के बीच भाईचारा बढ़ाने का पैगाम दें। हमें नहीं भूलना चाहिए कि यह देश उन महात्मा गांधी का देश है जो 1947 की आजादी के समय बंगाल में हिन्दू–मुस्लिम फसाद रोकने के लिए अकेले ही इस राज्य में बिना किसी सुरक्षा के एक धोती पहने व हाथ में लाठी लेकर निकल पड़े थे जबकि उस समय पूरे देश में मार–काट का बाजार बहुत गर्म था। पश्चिमी इलाके पंजाब में तो खून की नदियां बह रही थीं। इस क्षेत्र के दंगे रोकने के लिए सेना की सैकड़ों टुकड़ियां तैनात की गई थीं, फिर भी दंगे रुक नहीं रहे थे। उस समय भारत के गवर्नर जनरल लार्ड माऊंटबेटन ने कहा था कि 'मुझे भारत के पूर्वी क्षेत्र (बंगाल) की चिन्ता नहीं है क्योंकि वहां एक अकेले व्यक्ति की सेना ही दंगा रोकने के लिए काफी है, मुझे असली चिन्ता पश्चिमी क्षेत्र (पंजाब) की है जहां सेना की बटालियन की बटालियनें तैनात हैं। इसलिए न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ का यह कहना कि यह न्यायालय न तो सुरक्षा प्रणाली चलाता है और न सीधे कानून–व्यवस्था लागू करने वाली मशीनरी को संचालित करता है। अगर वकीलों को यह लगता है कि इस सन्दर्भ में कुछ खामियां या विसंगतियां हैं तो हम सम्बन्धित प्रशासन को नोटिस जरूर जारी कर सकते हैं। अतः इस मामले पर हमें दलगत स्तर से ऊपर उठ कर बहस करनी चाहिए। यह मानवीयता का मामला है। जबकि न्यायालय को यह मालूम है कि संवैधानिक न्यायालय की हैसियत में यह उच्चतम अधिकारों का केन्द्र है। मणिपुर की समस्या को हमें इसी नजरिये से हल करना होगा। अतः इस बारे में भी जरूर पुनर्विचार करना चाहिए कि हाल ही में तथ्यों की जांच के लिए महिलाओं का जो एक दल गया था उसके तीन सदस्यों के खिलाफ इसलिए एफआईआर दर्ज कर दी गई कि उन्होंने हिंसा को राज्य प्रायोजित कहा था। प. बंगाल की चुनावी हिंसा के बारे में भी तो एक पक्ष यही कह रहा है। लोकतन्त्र डा. लोहिया की नजर में विविध–विरोधी मतों की 'चक्की' होता है।

# प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका निभाएं : आशुतोष तिवारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त एवं आकांक्षी लहार विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी आशुतोष तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय प्रदेश नेतृत्व की मनसा है मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में अब की बार 200 बार में जिले की पांचो विधानसभा के साथ-साथ लहार विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का परचम फेरे इसके लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर अपनी अहम भूमिका के साथ एकजुट आएंगे तो निश्चित हमें लक्ष्य अधिक सफलता प्राप्त होगी। अपने बूथ केंद्र पर पार्टी ने तय किया है की 51 प्रतिशत वोट अपने-अपने बूथ केंद्रों पर पार्टी को विजय बनाने के लिए मजबूत करें। यह उद्गार उन्होंने भिण्ड सर्किट हाउस पर आयोजित पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश



कार्यकारिणी के सदस्य पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ रमेश दुबे प्रदेश कार्य समिति की सदस्य कृष्णकांता तोमर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आभा जैन मंचासीन रही।

। बैठक संचालन जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य सीमा शर्मा,सरोज जोशी, भाजपा जिला मंत्री रश्मि खटीक , अनीता चोपड़ा जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह राजावत, विधायक प्रतिनिधि विकास शर्मा भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी ज्योति सुदर्शन बौहरे, पिंकी राजावत मालती जाटव, शशि भारद्वाज, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिव कुमार राजौरिया, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा एडवोकेट सुनील बाल्मिक, नरेंद्र जी सूरज बरुआ, राजीव बरुआ, प्रतीक पांडे,आदि कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद थे।

# घटिया निर्माण के लिए जबाबदेही हो तय : पूर्व विधायक रमेश सक्सेना

**सीहोर।** पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश सक्सेना ने सरकारी महकमों की कार्य प्रणाली और सीहोर विधान सभा में हो रहे घटिया निर्माण कार्यों को लेकर सवाल उठाए हैं, उन्होंने इन घटिया निर्माण के लिए भाजपा सरकार और जन प्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकाल में कमीशन खोरी के बिना कोई काम नहीं होता है निर्माण कार्यों में ठेकेदारों से अफसर और जन प्रतिनिधि कमीशन खोरी कर रहे हैं। इसके नतीजतन घटिया निर्माण देखने को मिल रहा है। बीते दिनों ही इसका एक उदाहरण सामने आया जब नवनिर्मित सीहोर श्यामपुर मार्ग पहली ही बारिश में बह गया। और जगह जगह से इसमें दरारें पड़ गई और यह बैठ गया। मार्ग करीब 30 करोड़ रूपये की लागत से बनाया



गया है। इस मार्ग को आधुनिक तरीके से बनाया जाना भाजपा नेताओं द्वारा प्रचारित भी खूब किया गया। लेकिन कुछ ही दिनों में ही यह रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इससे यह बात साबित हो रही है कि भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी चरम पर है। जनता के पैसों का दुरूपयोग हो रहा है। टूटे हुए रोड की लीपापोती कर दी गई है। लेकिन इस घटिया निर्माण के पीछे जिम्मेदार ठेकेदार और अफसरों की जबाबदेही तय नहीं की गई। इससे प्रतीत होता है कि राजनैतिक संरक्षण में ठेकेदार और अफसर हैं। कलेक्टर महोदय से मांग करता हूं कि इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच होना चाहिए। इससे दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# उपकार होटल नाबालिग गैंगरेप मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

### - मैनेजर को न्यायालय ने किया दोषमुक्त, एक नाबालिग आरोपी की सुनवाई 18 को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना।** बहुचर्चित उपकार होटल गैंग रेप कांड में शुक्रवार को अष्टम सत्र न्यायाधीश एवं स्पेशल कोर्ट द्वारा मामले की सुनवाई करते हुए 3 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, वहीं होटल मैनेजर को दोषमुक्त किया गया है। इस मामले में एक नाबालिग आरोपी की सुनवाई 18 जुलाई को होगी तथा एक नाबालिक को बाल न्यायालय से 3 वर्ष का कारावास पूर्व में हो चुका है। फरियादी की ओर से मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश दुबे एवं शासकीय एडवोकेट एजीपी रामभजन पाल द्वारा की गई।उपकार होटल मैं 12 वर्षीय नाबालिक के साथ हुए गैंगरेप के मामले में शुक्रवार को अष्टम सत्र न्यायाधीश एवं स्पेशल कोर्ट श्रीमती शिप्रा पटेल ने फैसला सुनाते



हुए होटल के मैनेजर बलराम रावत को दोषमुक्त करार दिया तो वहीं आरोपी पीयूष जैन, सोमदेव उर्फ सोनू एवं निकेश यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सजा बलात्कार एवं पॉस्को एक्ट के तहत सुनाई गई है। इस मामले में दो नाबालिग आरोपी हैं, जिनमें से एक नाबालिक को बाल न्यायालय द्वारा पूर्व में ही 3 वर्ष का कारावास दे दिया गया था तथा एक नाबालिग शिवम की सुनवाई 18 जुलाई को की जाएगी। ज्ञातव्य रहे कि 26 अगस्त 2019 को दिन में उपकार होटल के अंदर एक 12 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ उक्त आरोपियों द्वारा गैंगरेप किया गया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। आरोपियों द्वारा लडडी की हालत खराब देखते हुए उसे एक रिक्शा में बैठा दिया गया और जब ई-रिक्शा चालक उसे ले जा रहा था, तो रास्ते में उसकी ज्यादा हालत खराब देख नाबालिक को सडड पर छोडडर भाग निकला।

# ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के 13 वर्ष पुर्ण होने पर किया गया सभी विभागों की टीम का आभार

### ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की टीम ने किया सभी का आभार व्यक्त

परियोजना बरई में ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के द्वारा फाउंडेशन की 13वी वर्ष गांठ मनाई गई। इस कार्यक्रम में सभी विभागों की टीम को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन सभी विभागों का आभार व्यक्त करना था जिनके साथ मिलकर टीम ब्हस कुपोषण एवं एनीमिया पर कार्य कर रही है साथ ही यह बताना था की पिछले 4 वर्ष में टीम ब्हस द्वारा कैसे जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा एवं वर्तमान में कुपोषण का स्तर ब्लॉक में कैसा है यह सब एक वीडियो के माध्यम एवम् नुक्कड़ नाटक के द्वारा सभी को अवगत करवाया गया विभाग से आए हुए सभी टीम के सदस्यों द्वारा विभाग में चले रही सरकारी योजना के बारे में बताया एवम् कैसे उसका लाभ ले सकते हैं उसकी प्रकिया के बारे में



बताया, समन्वित ग्राम विकास की कमेटी के सदस्यों ने गांव मे वर्तमान मे चल रहे विकास के कार्य के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला एवं बाल विकास से सीडीपीओ ज्ञानेंद्र शर्मा एवं पर्यवेक्षक(पल्लवी जैन, सुरुचि गुप्ता, उषा पाण्डे, लक्ष्मी तोमर, माला निवारिया, मनीषा यादव),उद्यानिकी विभाग से गणेश धाकड़, कृषि विज्ञान केंद्र से सुरुचि गुप्ता, एन आर एल एम से अमित गुप्त जी एवं मोनेश्वर पांडे, से रजनीश , जे बी एम फैक्ट्री से एचआर नीरज पाठक ,अजीत गोपीनाथ कार्यसमिति मंडल अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी रहीश खान , ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन की डीपीओ जितेंद्र पटीदार, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर मनीष शर्मा टीम से फील्ड कार्डीनेटर अनिल मिश्रा, ललिता, शिवम, हर्षिता,पूजा,अंकिता , पुरन सिंह,गजेंद्र, राजीव और सुपोषण सखी, न्यूट्रीशन चैम्पियन मौजूद रहे7

# भाजपा ने किया प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ : मान सिंह कुशवाह

### पटवारी भर्ती घोटाले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मेहगांव एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश अब घोटालो का प्रदेश बन चुका है, भाजपा के कार्यकाल में चाहे वो डंपर घोटाला हो, डॉक्टर (पीएमटी ) घोटाला हो,चाह वो रेडी टू ईट घोटाला हो,व्यापम परीक्षा घोटाला हो। हर चीज में भारतीय जनता पार्टी घोटाला करने से बाज नहीं आ रही है ।यह बात भिंड जिले के कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कही। मध्यप्रदेश में हाल में ही हुए पटवारी भर्ती परीक्षा घोटाले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के नेतृत्व में एसडीएम मेहगांव को ज्ञापन पत्र राज्यपाल के नाम सोपा गया। श्री कुशवाह ने मेंहगांव पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से पैदल रैली निकालकर एसडीएम मेहगांव को पटवारी भर्ती में हुए घोटाले को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा और उन्होंने



कहा हाल में ही पटवारी भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में व्यापक स्तर पर अनियमिताएं सामने आई है। ग्वालियर के एक भाजपा नेता के एनआरआई कॉलेज से सात का टॉपर निकलना एक ही कॉलेज से इतनी संख्या में लोगो का पास होना टॉपर विद्यार्थीयो के सिंगनेचर सेम हिंदी में नाम के साथ होना सन्देहास्पद हैं, इस परीक्षा में व्यापक स्तर पर फर्जीवाड़ा हुआ है जिसकी सीबीआई जांच कराकर परीक्षा को निरस्त किया जावे। जिससे प्रदेश के हजारों की संख्या में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो तथा व्यापम घोटाले में दोषी पाए जाने वालो के खिलाफ जांच कर बड़ी कार्यवाही की जावे।इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कांग्रेस के प्रभारी वासुदेव शर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया अमित दातरें रणजीत सिंह गुर्जर राहुल सिंह भदोरिया गजेंद्र भदोरिया रेखा भदौरिया राम हर्ष सिंह कुशवाह, जितेंद्र गुड्डू नरवरिया राजवीर सिंह बघेल,सुरेंद्र सिंह चौहान,चंद्रभान सिंह राजावत,नाथूराम चुरारिया,प्रमोद चौधरी बृजेंद्र सिंह कल्लू,वीरेंद्र यादव, लाइक सिंह गुर्जर सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## महेंद्र मुणोत ने विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू:**राजाजी नगर स्थित एम ई एस महाविद्यालय मैं एनएएसी अंकुरा टीम चाणक्य द्वारा अंतर महाविद्यालय वाणिज्य एवं व्यवस्था उत्सव चतुर अर्थ 2023 का आयोजन किया गया विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया महाविद्यालय की प्राचार्य शारदा ने मुणोत को सम्मानित किया

# भूतिया वासना में व्यावसायिक शिक्षा के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ

### 80 साल की शांतामा ने कपड़े के घोड़े बनाना सिखाया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गुजरात।** पाटन जीसीईआरटी



गांधीनगर और जिला प्रशिक्षण भवन पाटन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण सरस्वती तालुका के भूतियावासना प्राथमिक विद्यालय में



आयोजित किया गया था। जिसमें स्थानीय व्यवायकारोने उपस्थित रह कर स्थानीय व्यवसायों जैसे ब्यूटी पार्लर, राखी मेकर, कपड़े के घोड़े बनाने वाले, मिट्टी के खिलौने एवं बर्तन बनाने वाले, प्लास्टिक एवं प्राकृतिक फूलों के गुलदस्ते सहित विभिन्न व्यवसायों के बारे में जानकारी देकर कौशल विकास के तहत कार्य कर सकें इस उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।विशेष रूप से प्रशिक्षणार्थियों को लकड़ी का व्यवसाय कैसे किया जाता है इसका प्रत्यक्ष भ्रमण कराया गया तथा रेत व्यवसाय का भी भ्रमण कराया गया, साथ ही चोरमारपुरा स्थित अंबिका नर्सरी के अंतर्गत नर्सरी व्यवसाय की भी जानकारी प्रशिक्षु शिक्षकों को दी गयी।विशेषज्ञ श्री नीलेशभाई श्रीमाली, केतनभाई कतपरा और मीनाबेन मकवाना ने भी प्रशिक्षण के संबंध में उत्कृष्ट जानकारी प्रदान की। सीआरसी बीरेनभाई व्यास द्वारा सुन्दर आयोजन किया गया।

# सौरभ दुबे ने मध्य प्रदेश राज्य वन सेवा परीक्षा द्वितीय रैंक रेंजर पद प्राप्त कर गोहद को किया गौरवान्वित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** - भिंड। सौरभ दुबे ने मध्य प्रदेश राज्य वन सेवा परीक्षा द्वितीय रैंक रेंजर पद प्राप्त कर गोहद को गौरवान्वित किया मध्य प्रदेश राज्य वन सेवा परीक्षा मैं द्वितीय रैंक प्राप्त कर सौरभ दुबे ने भिंड जिले को गौरवान्वित किया है बाल्यकाल से बहुमुखी प्रतिभा के धनी सौरभ दुबे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर गोहद 2012 हाई स्कूल एवं 2014उच्चतर माध्यमिक शिक्षा शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्य विद्यालय गोहद से प्राप्त की उसके बाद2020 माधव प्रौद्योगिकी संस्थान ग्वालियर से बीटेक उपाधि प्राप्त की तदनंतर इंदौर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की और 2020 की मध्य प्रदेश राज्य वन सेवा प्रतियोगी परीक्षा मैं सहभागिता कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रेंजर पद पर चयन हुआ है ज्ञात हो सौरभ दुबे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवक होकर द्वितीय वर्ष शिक्षित हैं तथा गोहद नगर में



मुख्य शिक्षक से लेकर विभिन्न दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है सौरभ दुबे ने राज्य वन सेवा परीक्षा मैं प्रदेश में द्वितीय रैंक प्राप्त कर रेंजर पद पर चयनित होने पर संघ के संस्कारों को मूलभूत आधार बताया है की सफलता पर प्राचार्य रविंद्र सिंह चौहान प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह भदोरिया राकेश गौर संचालक कुसुम पब्लिक स्कूल आशीष शर्मा महामंत्री भाजपा रमाकांत पाराशर आनंद बरुआ अजय बरुआ राजेंद्र गुप्ता बृजभूषण गोस्वामी मनोज थापक महेश श्रीवास्तव अमृतलाल माहौर बृजबाला बाजपेई कालीचरण शुक्ला संजय बृजपाल तोमर शुक्ला कमलेश राजोरिया जागेश्वर भारद्वाज अरविंद शर्मा प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज विजय शुक्ला किरण शुक्ला रविंद्र सोनी श्यामसुंदर राठौर ज्योति शर्मा जितेंद्र शर्मा सुनील कुमार हरिओम शर्मा मयंक काकर कपिल शर्मा हरिओम बठेले धर्मेंद्र दुबे शैलेंद्र जैन एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

# जीवन में धर्म की प्रकृति बिना नहीं मिलता है सुख है. :मुनिश्री राजपद्मसागरजी म.सा.

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू।** जे. पी.पी श्रमणी भवन में



श्रद्धालुओं को समझाते हुए मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा कहा कि पाप उपार्जन करने के अनेक स्थान होते पर धर्म करने के स्थान सीमीत यानि थोडे-कम स्थान रहते है। ऐसे स्थान पर जाकर धर्म-आराधना करनी चाहिए. और जितना हो सके उतना पाप स्थानों में नहिं जाना चाहिए। नवकार मंत्र के विषय में कहा कि नमस्कार महामंत्र सर्वसिद्धिदायक महामंत्र है श्रद्धा भाव से आराधना- साधना-जाप एवम् स्मरण करने से अनेक प्रकार कि सिदिया प्राप्त होती है । नवकार मंत्र के साथ- साथ - तीर्थ यात्रा करनी है। अष्टापद - सिद्धाचल ऐसे तारक. तीर्थो की यात्रा होती है. जो हमे पवित्र - एवं हमारी आत्मा को निर्मल- स्वच्छ बनाते है । विमलाचल की यात्रा करने से अनंत जन्मो से हमारी आत्मा में मेल - मल-कर्म लगे है । तो ऐसे पावन तीर्थों की स्पर्शना से आत्मा मल-रहित बनती है..और मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी म.साने करा कि.. विनय गुण जिनशासन का मूल है । और मोक्षमार्ग के अनुष्ठानो में व्यापक है। विनय गुण के द्वारा-गुणवानो की भक्ति एवं सेवा करने से आध्यात्मिक मार्ग सरल बन जाता है । दिनांक 18 रविवार के दिन वंदे जिनशासनम के विषय में पूज्य गुरुदेव के मुखारविंद से अद्भुत प्रस्तुति सुबह 8ः बजे और से 18 से संतिकर महातप का शुभारंभ होने जा रहा है।

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

# आरोपियों के कब्जे से 2 देशी कट्टे तथा 2 जिंदा राउण्ड जप्त

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड अरविन्द शाह के मार्ग दर्शन में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा दो आरोपियों को दो अवैध देशी कट्टा तथा 02 जिंदा राउण्ड सहित किया गया गिरफ्तार ।दिनांक 13 जुलाई 2023 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रूर की पुलिया के पास दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार लिये किसी वारदात को घटित करने की फिराक में घूम रहे है। सूचना विश्वसनीय होने से मुखबिर के बताये स्थान पर टीम को रवाना किया गया जहां मुखबिर के बताये हुलिये के दो व्यक्ति अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे जिन्हे टीम



द्वारा घेरा बंदी कर पकडा उक्त दोनो व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो दोनो व्यक्तियों के कब्जे से एक-एक 315 बोर का कट्टा व एक-एक जिंदा राउण्ड मिले। उक्त दोनो व्यक्तियों से हथियार रखने के संबंध में लायसेंस चाहे गये जिन्होने कोई लायसेंस प्रस्तुत नहीं किये आरोपीगणों का यह कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त कट्टा व राउण्ड्स को जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों के विरुद्ध थाना ऊमरी पर पृथक-पृथक धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अपराध पंजीबद्ध किये गये । आरोपियों से कट्टा रखने के संबंध में विस्तृत की जा रही है तथा आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। आरोपियों से 02 कट्टा 315 बोर, 02 जिंदा राउण्ड जप्त किये गए।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा,प्रधान आरक्षक आशीष तिवारी, उमरदराज खान,आरक्षक आलेश यादव, राहुलतोमर, संतोष जाट, धर्मपाल परिहार, भानु प्रताप सिंह भदौरिया, विमल भदौरिया,कुलदीप जाट,जितेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही

## उत्तराखंड कांग्रेस नेताओं के साथ खड़गे ने की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को उत्तराखंड कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष के साथ-साथ पार्टी नेता




राहुल गांधी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी अभी से मंथन में जुट गई है। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उत्तराखंड में कांग्रेस नेताओं को एकजुट करने की कोशिश में है। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण महारा, प्रीतम सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित राज्य के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस आलाकमान बीते दिनों महाराष्ट्र,राजस्थान, तेलंगाना,छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के कांग्रेस नेताओं के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठक कर चुकी है।

## नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल एम विमानों की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के बीच सरकार ने फ्रांस से नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की तीन पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की





अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई र ा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ही फ्रांस की अधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हुए थे। उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होने हैं। इनमें नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों की खरीद से संबंधित समझौता होने की भी संभावना है। इन विमानों को देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। नौसेना ने परीक्षणों के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 की तुलना में राफेल एम को तरजीह दी है। राफेल एम विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है और ये विमान फ्रांस सरकार से अंतर सरकार समझौते के तहत खरीद जायेंगे। ये विमान संबंधित उपकरणों , हथियारों , सिमुलेटर , कलपुर्जों , दस्तावेजों , चालक दल के प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक स्पोर्ट के पैकेज के तहत खरीदे जायेंगे। इस सौदे की कीमत तथा शर्तें सभी संबंधित पहलुओं तथा अन्य देशों को बेचे गये इसी तरह के विमानों के मूल्य के आधार पर फ्रांस सरकार के साथ बातचीत में तय की जायेगी। इसके अलावा शर्तों में भारतीय जरूरतों पर आधारित उपकरण , रख रखाव , मरम्मत और ऑपरेशन हब से संबंधित मुद्दों को भी बातचीत में शामिल किया जायेगा।

## सशस्त्र बलों के बीच मोटे अनाज को बढ़ावा देने का समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में मोटे अनाज के उपयोग और स्वस्थ भोजन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित तथा पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय बृहस्पतिवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों मंत्रियों ने श्री अन्न की खपत और इसके स्वास्थ्य लाभों को बढ़ावा देने के लिए रक्षा के लिए स्वस्थ व्यंजन नामक पुस्तक का भी अनावरण किया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सचिव जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने औरकेंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण? तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। रक्षा मंत्रालय की ओर से आपूर्ति और परिवहन - महानिदेशक जनरल प्रीत मोहिंदर सिंह और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशक इनोशी शर्मा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य कर्मियों के बीच आहार विविधता और मोटे अनाज-आधारित खाद्य उत्पादों के पोषण संबंधी लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

## 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा 'पोर्टल पर किसानों की जमीन का करवाया जाएगा शत प्रतिशत पंजीकरण : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर किसानों की जमीन का शतप्रतिशत पंजीकरण करवाया जाएगा,यह साल में 2 बार होगा। जो किसान अपनी पूरी जमीन का पंजीकरण 31 जुलाई तक करवाएगा उसे 100 रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने यह बात चण्डीगढ़ में भारतीय किसान संघ हरियाणा के पदाधिकारियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कही। इस दौरान पदाधिकारियों ने कई सुझाव दिए जिन पर बिंदुवार चर्चा हुई और ज्यादातर पर सहमति बनी।

**जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हैफेड तैयार करेगा योजना**



उन्होंने कहा कि जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर हैफेड एक योजना तैयार करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में जल्द ही एडीओ की भर्ती की जाएगी, जिन्हे क्षेत्रफल के आधार पर यूनिट बनाकर ग्राम सचिवालयों में नियुक्त किया जाएगा।

**पशुधन बीमा में दुधारू पशुओं के थनों के बीमा के लिए भारत सरकार को लिखा जाएगा पत्र**

श्री मनोहर लाल ने कहा कि पशुधन बीमा में दुधारू पशुओं के थनों के बीमा के लिए भी भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग को पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि फसलों की बुआई से पहले खाद की उचित व्यवस्था की जाएगी और प्रदेश के जिस क्षेत्र में पहले जरूरत होगी वहां पर पहले खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**प्रदेश में बांस की खेती हेतू किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार होगी योजना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बांस की खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में योजना तैयार की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, ड्रेनों की सफाई करवाने, सेम ग्रस्त क्षेत्रों की समस्या का समाधान करने आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव के. मकरंद पांडुरंग, हैफेड के प्रबंध निदेशक जे. गणेशन तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के पत्र का दिया जवाब

**चंडीगढ।** रिटायर्ड आईएएस और हरियाणा के मुख्यमंत्री के सलाहकार (सिंचाई) श्री देवेंद्र सिंह ने कहा कि यमुना नदी के जलस्तर बढ़ने को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल आधारहीन और तथ्यों से परे बात कर रहे हैं। हथिनी कुंड बैराज से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर बढ़ने के उनके आरोप पूरी तरह से भ्रामक हैं। ऐसा लगता है उनके अधिकारियों ने उन्हें सत्यता एवं तथ्यों से अवगत नहीं करवाया। उन्होंने कहा कि श्री अरविन्द केजरीवाल ने इस संबंध में जो पत्र गृह मंत्री, भारत सरकार को लिखा है उसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है।

श्री देवेंद्र सिंह ने बताया कि वास्तविकता यह है कि हथिनीकुंड पर बनी संरचना एक बैराज है जोकि केवल पानी को डाइवर्ट / रेगुलेट करने के लिए है। पानी को सीमित मात्रा में केवल किसी बांध से संचालित किया जा सकता है, बैराज से नहीं। यहाँ यह भी बताना अति



'ऐसा लगता है उनके अधिकारियों ने उन्हें सत्यता एवं तथ्यों से अवगत नहीं करवाया। उन्होंने कहा कि श्री अरविन्द केजरीवाल ने इस संबंध में जो पत्र गृह मंत्री, भारत सरकार को लिखा है उसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है।'

आवश्यक है कि केंद्रीय जल आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार जो पानी हथिनीकुंड बैराज की सुरक्षा हेतु यमुना नदी में छोड़ा जा रहा है, यह पानी हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में हुई अत्यधिक वर्षा का पानी है। इस पानी के कारण हरियाणा के यमुनानगर, करनाल, पानीपत व सोनीपत में भूमि कटाव और जलभराव हुआ है, जिससे राज्य को भारी जानमाल का नुकसान वहन करना पड़ रहा है। यदि सीमित मात्रा में पानी छोड़ने का कोई प्रावधान होता तो यह हरियाणा राज्य के हित में भी होता।

उल्लेखनीय है कि हथिनीकुंड बैराज यमुना नदी पर यमुनानगर में स्थित बैराज है। यह बैराज वर्ष 1998 ङ्क 2000 के दौरान पहले बने हुए ताजेवाला बैराज की रिप्लेसमेंट के लिए बनाया गया था। हथिनीकुंड पर स्थित संरचना / एक ढांचा बैराज है, जहां से पार्टनर राज्यों को 1994 के समझौता / ज्ञापन अनुसार पानी की आपूर्ति की जाती है। हथिनीकुंड बैराज का डिजाइन सीडब्ल्यूसी द्वारा किया गया था। इस बैराज में पानी को स्टोर करने का कोई तरीका नहीं है। सीडब्ल्यूसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें एक लाख क्युसेक से ज्यादा मात्रा में पानी आने पर पानी स्वतः यमुना नदी में चला जाता है। अगर बैराज में आए पानी को रोकने का प्रयास किया जाए तो यह बैराज के सभी गेटों को क्षतिग्रस्त कर सकता है और यह पानी भयंकर बाढ़ में तब्दील होकर हरियाणा और दिल्ली में भारी तबाही मचा सकता है।

## राज्यसभा चुनावः भाजपा उम्मीदवार अनंत महाराज ने दाखिल किया नामांकन

**कोलकाता।** राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अनंत महाराज ने गुरुवार को विधानसभा सचिवालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, केंद्रीय राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

सचिवालय सूत्रों ने बताया कि अनंत महाराज ने आज नामांकन दाखिल किया, जो स्वीकार कर लिया गया है। नामांकन का आज आखिरी दिन था। पश्चिम बंगाल में राज्यसभा की छह सीटों के लिए 24 जुलाई को होने वाले चुनाव में भाजपा ने बुधवार को अनंत महाराज को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी। इसके पहले मंगलवार को निशिथ प्रमाणिक ने महाराज के घर जाकर मुलाकात की थी। प्रमाणिक ने बताया था कि महाराज को राज्यसभा उम्मीदवार बनने का ऑफर दिया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। वर्ष 1952 के बाद ऐसा पहली बार है



जब पश्चिम बंगाल से भाजपा अपने दम पर राज्य से किसी को राज्यसभा में भेजेगी। इस समय भाजपा के 70 विधायक हैं और राज्यसभा के एक सदस्य को चुनाव जीतने के लिए कम से कम 49 विधायकों के समर्थन की जरूरत होगी। तृणमूल कांग्रेस ने पहले ही राज्यसभा के लिए अपने छह उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है, जिन्होंने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

## पारंपरिक चिकित्सा पर 20 जुलाई को भारत और आसियान देशों के बीच होगा मंथन

**नई दिल्ली।** पारंपरिक चिकित्सा पर 20 जुलाई को भारत और आसियान देशों के बीच नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंथन होगा। विदेश मंत्रालय और आसियान सचिवालय के सहयोग से आयुष मंत्रालय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर सम्मेलन का आयोजन करेगा।

दक्षिण-पूर्वी देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देशों में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, वियतनाम और कंबोडिया समेत 10 देश शामिल हैं। भारत आसियान रीजनल फोरम का सदस्य है। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत और आसियान सदस्य देशों के बीच बहुआयामी संबंध साझा भौगोलिक, ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों की मजबूत नींव पर खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2014 में म्यांमार में 12वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' की घोषणा की, जिससे रणनीतिक साझेदारी को एक नई गति मिली। लगभग एक दशक के बाद पारंपरिक चिकित्सा पर आयोजित होने वाला भारत-आसियान सम्मेलन,




आसियान के साथ भारत के सहयोग को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से पिछले 9 वर्षों में आयुष क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत तत्कालीन आयुष विभाग को आयुष मंत्रालय का स्वरूप दिया। गठन के बाद आयुष मंत्रालय ने यूके, अमेरिका, जापान, ब्राजील, जर्मनी आदि के कई शीर्ष श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ सीएसआईआर, डीएसटी, डीबीटी, आईआईटी जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संस्थाओं के पारस्परिक सहयोग से मधुमेह , कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य, कोविड सहित विभिन्न संचारी और गैर-संचारी रोग स्थितियों में आयुष प्रणालियों के तहत उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के नये आयाम स्थापित किये।

## बीजेपी ने 160 कमजोर लोकसभा सीट पर गड़ाई नज़र, पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने बनाया एक्शन प्लान, क्लस्टर प्रभारियों को दिए ये निर्देश

**नई दिल्ली ।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के लिए कमजोर माने जाने वाली 160 लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारियों को लेकर 'लोकसभा प्रवास योजना' की समीक्षा बैठक की। बैठक में लोकसभा की इन 160 सीटों के लिए बनाए गए 'लोकसभा प्रवास योजना' के प्रदेश संयोजक और सह संयोजकों सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में हुई इस मैराथन बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय सचिव हरीश द्विवेदी और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा सहित 'लोकसभा प्रवास योजना' से जुड़े कई अन्य नेता मौजूद रहे।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में नड्डा ने इन कमजोर 160 लोक सभा सीटों के लिए बनाए गए क्लस्टर प्रभारियों, प्रदेश संयोजकों और सह संयोजकों को अपने प्रयास में और तेजी लाते हुए लोकसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक लोगों से खासकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों से मुलाकात कर मोदी



सरकार की उपलब्धियों को उन लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है।

नड्डा ने इन 160 लोकसभा सीटों पर खासतौर पर मतदाताओं के हर वर्ग तक पहुंचकर उन्हें भाजपा से जोड़ने, क्षेत्र के प्रभावशाली और लोकप्रिय लोगों से मुलाकात कर उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताने को कहा है, ताकि विपक्ष का मजबूत गढ़ माने जाने वाली इन 160 लोकसभा सीटों में से भी ज्यादातर सीटों पर 2024 में भाजपा जीत हासिल करें और जो सीटें भाजपा पिछली बार बहुत कम अंतर से जीती थी, उन सीटों पर इस बार जीत का अंतर बड़ा करे।

दरअसल, भाजपा ने उन खास लोकसभा सीटों की एक विशेष लिस्ट बनाई हुई है, जिन पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हार मिली थी। इस लिस्ट में खासतौर से उन लोकसभा सीटों को शामिल किया गया है, जिन सीटों पर भाजपा पिछले चुनाव में नंबर 2 पर रही थी या फिर बहुत ही कम अंतर से जीती थी। पहले इस लिस्ट में 144 सीटों को शामिल किया गया था। बाद में इन सीटों की संख्या को बढ़ाकर 160 कर दिया गया। इन सीटों को कलस्टरों में बांटकर इन पर केंद्रीय मंत्रियों एवं पार्टी के दिग्गज नेताओं को अहम जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश स्तर पर पार्टी ने प्रदेश संयोजक और सह संयोजकों भी बनाए हैं। इसके साथ ही पार्टी स्वयंसेवक और पूर्णकालिक विस्तारक तैनात कर इन सभी 160 लोकसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर तक जाकर मतदाताओं से संपर्क करने की विशेष रणनीति पर काम कर रही है।

## यूपी में एमबीबीएस डॉक्टरों को मिलेगा खास प्रशिक्षण : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अहम कदम उठाया है। एमबीबीएस डॉक्टरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सबसे ज्यादा ध्यान मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाने का रखा गया है। दरअसल, यूपी में डॉक्टरों की भर्ती लगातार चल रही है। लोक सेवा आयोग से एमबीबीएस डॉक्टर भर्ती किये जा रहे हैं। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के माध्यम से डॉक्टर रखे जा रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती भी संविदा समेत दूसरे माध्यम से की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से रिटायर डॉक्टरों की भी सेवाएं ली जा रही हैं।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने की दिशा में अहम कदम उठाये जा रहे हैं। भर्ती के साथ एमबीबीएस चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मातृ-शिशु मृत्युदर में कमी लाने के लिए



नियमित एमबीबीएस डॉक्टरों को दो प्रकार का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एमबीबीएस डॉक्टरों को कॉम्प्रिहेंसिव इमरजेंसी आब्सट्रेक्स एंड न्यूबार्न केयर व लाइफ सेविंग एनस्थेटिक स्किल का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए फस्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) को मजबूत किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि प्रशिक्षित एमबीबीएस चिकित्सकों को एफआरयू में तैनात किया जायेगा।

दरअसल, यूपी में डॉक्टरों की भर्ती लगातार चल रही है। लोक सेवा आयोग से एमबीबीएस डॉक्टर भर्ती किये जा रहे हैं। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के माध्यम से डॉक्टर रखे जा रहे हैं।

ताकि वहां से बेवजह जच्चा-बच्चा को बड़े अस्पतालों में रेफर करने की जरूरत न पड़े। इससे बड़े अस्पतालों में रोगियों का दबाव कम होगा। गंभीर रोगियों को बड़े अस्पतालों में आसानी से इलाज भी मिल सकेगा।

## अपने नागरिकों के साथ नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप है : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने नागरिकों के साथ शासन की योजनाओं को नौकरियों में भेदभाव करना सबसे बड़ा पाप है, जो सरकारें प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने से रोकतीं थी जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया है। हमारी सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है कि चयन की प्रक्रिया से लेकर नियुक्ति प्रक्रिया तक किसी भी अभ्यर्थी के साथ भेदभाव न होने पाए। विगत छह वर्ष में छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने में हम सफल रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश की नियुक्ति प्रक्रिया पर कोई उंगली नहीं उठा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनौती से जो घबरा जाता है वह कुछ नहीं प्राप्त कर पाता। अगर चुनौती आपके सामने है तो इसका मतलब है कि आपके लिए कुछ नए अवसर आने वाले हैं। सीएम योगी ने गुरुवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित नव



नियुक्त अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2021 से 2023 के बीच में डेढ़ वर्ष के अंदर हमारी सरकार 21 नियुक्ति पत्र कार्यक्रम संपन्न करा चुकी है। इसके तहत लगभग 55,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। सीएम योगी ने नव नियुक्त अधिकारियों को वर्तमान सरकार की कार्यशैली के बारे में बताते हुए कहा कि प्रदेश भर से जुड़ी हुई समस्याएं किसी ना किसी रूप में आपके पास आएंगी। हमारा प्रयास होना चाहिए एक फाइल एक टेबल पर 3 से अधिक दिन न रहे। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से ज्यादा थी। विगत छह वर्ष में हमारी सरकार प्रदेश में बेरोजगारी दर को कम करने में सफल रही है। दो करोड़ से अधिक युवाओं को हम लोगों ने स्वरोजगार के साथ जोड़ने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा आयोग बनाने जा रहे हैं। इसके तहत उच्चतर शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा चयन आयोग की प्रक्रिया को जोड़ देंगे। सीएम योगी ने कहा कि संविधान प्रदत्त आरक्षण की सुविधा की लाभ हर तबके को उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का संकल्प लिया है। इसमें उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

## प्रभावितों को तत्काल पहुंचाएं राहत, जरूरत पड़े तो हेलीकॉप्टर की भी ली जाए सेवाः मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून।** प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आपदा की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को अपने विभागों से संबंधित कार्य योजना बनाए और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हेलीकॉप्टर से खाद्य सामग्री भेजी जाए। सचिवालय स्थित आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति और आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि राहत कार्यों के लिए पर्याप्त बजट है। सरकार संसाधनों की कमी नहीं आने देगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ये सुनिश्चित कर लिया जाये कि प्रभावितों को रहने खाने और अन्य आवश्यक सामग्री की पूरी उपलब्धता



हो। फूड पैकेट की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए। पेयजल के साथ ही बच्चों को दूध की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर हेलीकाप्टर से भी खाद्य सामग्री भेजी जाए। जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी की निकासी जल्द की जाए। जल जनित रोगों से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जायें। सभी संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन कर लें। बारिश से पेयजल, विद्युत, सड़क एवं अन्य व्यवस्थाएं जो प्रभावित हुए हैं, उन्हें शीघ्र सुचारू किया जाये। सभी विभागीय सचिव अपने अपने विभागों से संबंधित व्यवस्थाएं देखें और अपने जिला स्तरीय अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहें। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के साथ ही उनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग से भी लगातार संपर्क में रहें।

इस मौके पर मुख्य सचिव डॉ. एस. एस संधू, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, सचिव आपदा प्रबन्धन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, विनय शंकर पांडेय, विभिन्न विभागों के सचिव, अपर सचिव एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# 2 घंटे ज्योतिरादित्य सिंधिया के निवास जय विलास पैलेस में रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, जनजातीय नृत्य का उठाया आनंद और बच्चों को दिए चॉकलेट

**ग्वालियर** के लिए 13 जुलाई की तारीख ऐतिहासिक रही । देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति एवं जनजातीय समुदाय से पहली राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी न सिर्फ शहर में स्थित कॉलेज के दीक्षांत समारोह में शामिल हुई बल्कि उन्होंने एतिहासिक जय विलास पैलेस में करीब 2 घंटे बिता कर मध्य प्रदेश की संस्कृति एवं कला के बारे में जाना।महल का कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया की अगुवाई में हुआ। महामहिम जी के स्वागत तीन नृत्यों की प्रस्तुति की गई जिसमें, भरतनाट्यम, कथक और आदिवासी नृत्य शामिल थे । नृत्य की इस प्रस्तुति का राष्ट्रपति महोदया, राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साथ मिल कर लुत्फ़ उठाया । इसके बाद परिसर में स्थापित महाराजा जीवाजी राव सिंधिया की मूर्ति के पास उन्होंने दीप प्रज्वलन किया और राष्ट्रपति जी ने ÷मराठा गैलरी÷ का भ्रमण



भी किया। यह वही गैलरी है जिसका उद्घाटन पिछले वर्ष गृह मंत्री अमित शाह जी ने किया था । इस गैलरी में राष्ट्रपति जी ने हिंदवी स्वराज व मराठाओं के योगदान के गौरवशाली इतिहास के बारे में जाना। मराठा गैलरी में ही शहर के करीब 25 प्रतिभाशाली बच्चों के साथ राष्ट्रपति जी ने मुलाकात की और उन्हें स्नेह देते हुए चॉकलेट भी बांटे ।यहाँ वह 'रौशनी' नामक एक गैर सरकारी संस्था के दिव्यांग बच्चों से भी मिलीं। खास बात यह भी है कि राष्ट्रपति ने मध्य प्रदेश के कोने कोने से आये कलाकारों, शिल्पकारों और कारीगरों से भी मुलाकात की। इसके दौरान उन्होंने स्वर्गीय महाराजा माधोराव सिंधिया के समय से चलते आ रहे चंदेरी के कपड़ों के कार्य को भी देखा और 'ताना ङ्क बाना' चला रहे कारीगरों से दिल खोल कर बात चीत की। इस प्रदर्शनी की खासियत यह थी कि मध्य भारत के सभी प्रसिद्ध कलाओं को स्थान दिया गया था । गोंड पेंटिंग से लेकर बाथ प्रिंट, बांस से बनी कलाकृतियां, ग्वालियर के पत्थरों की नक्काशी की भी प्रस्तुति की गई । इस प्रदर्शनी का आयोजन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया द्वारा किया गया। प्रियदर्शनी राजे सिंधिया जी आरण्य नामक



संस्था की संचालित करती है । इस संस्था के माध्यम से वह प्रदेश की कला और संस्कृति का संरक्षण सुनिश्चित करने के साथ ही कारीगरों को रोजगार देने का प्रयास कर रहीं हैं।इसके उपरांत राष्ट्रपति जी विशेष भोज के लिए सिंधिया परिवार, माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ शामिल हुई। बताया जा रहा है कि भोज में 19 प्रकार के व्यंजन शामिल थे ङ्क जिनको बनाने के लिए खास आदेश दिए गए थे । किसी भी व्यंजन में अदरक, लहसुन, प्याज, काला नमक और चाट मसाला नहीं डाला गया था यानी पूर्ण रूप से राष्ट्रपति जी की हर पसंद का ख्याल रखा गया था। खाने की विशेष बात यह है कि इसमें महाराष्ट्र, ओडिशा और नेपाल के कई विशेष व्यंजन थे । जहां एक तरफ चना दाल थी, तो वहीं दूसरी तरफ नेपाली साग भी था । मीठे में गाजर के हलवे के साथ साबूदाना मखाना खीर भी बनी थी जिसका सभी अतिथियों ने आनंद लिया।कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु ग्वालियर घराने के मशहूर संगीतकारों को भी बुलाया गया था जिन्होंने पुरे समय सुन्दर गीतों के माध्यम से वातावरण को सुशोभित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी पत्नी ने राष्ट्रपति जी को 2 पुस्तकें भेंट कीऔरये किताबें संग्रहालय व सिंधिया रिसर्च सेंटर की टीम द्वारा लिखी गयी हैं और मराठा इतिहास व सिंधिया परिवार के हिंदवी स्वराज के प्रति योगदान पर लिखी गयी हैं। इसी के साथ राष्ट्रपति जी ने संग्राहलय के दर्शक पंजी में एक सन्देश भी लिखा, जिसमें उन्होंने बताया की संग्राहलय से उन्हें भारत परम्पराओं का परिचय मिला और उन्होंने संग्राहलय से जुड़े हर व्यक्ति की प्रशंसा भी की और अंत में सभी का धन्यवाद भी किया। महामहिम द्रौपदी मुर्मू जय विलास पैलेस में पधारने वाली देश की 7वीं राष्ट्रपति है ।

## सांसद शेजवलकर ने मोहना को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की मांग रखी

**ग्वालियर ।** सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने शुक्रवार को पश्चिम मध्य रेल भोपाल के मण्डल परिक्षेत्र भोपाल में आयोजित सांसदों की बैठक में रेल सुविधाओं से जुडे विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने मोहना स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की मांग प्रमुख्ता से रखीसांसद शेजवलकर ने कहा है कि मोहना नगर परिषद बनने के बाद यहां पर यात्रियों का आवागमन बढ गया है और मोहना भी तेजी से विस्तार ले रहा है। उन्होंने मोहना और इन्दरगढ के बीच करसेना में रेल्वे स्टॉपेज की मांग की। इससे आसपास की पंचायतों भानगढ, करसेना, गुरावल, इमलिया, पाटोरन, गुडखेरा और भैंसोरा आदि के निवासियों को लाभ होगा। साथ ही उन्होंने



मोहना स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव करने पर आभार भी जताया । सांसद ने बैठक ग्वालियर- भोपाल इंटर सिटी एक्सप्रेस रेलगाडी 12198 को रात्रि में चलाये जाने की मांग की। साथ ही ग्वालियर-गुना और ग्वालियर-भिण्ड के बीच चलने वाली गाडियों को स?पीड अप करके इनके समय में कटौती की जाने की बात कही । इन सेक्शनों को अधिक गति हेतु अपग्रेड किया जा चुका है। शेजवलकर ने कहा इन्दरगढ (जिला-दतिया) स्टेशन ग्राम-कलोथरा (पोहरी जिला-शिवपुरी) से संचालित हो रहा है। यह स्टेशन ग्राम कलोथरा से काफी दूर होने के कारण यात्रियों की पहुंच से बाहर है। इसस्टेशन का प्रयोग न होने से यह खण्डर में तब्दील हो गया है। यहां के लोगों का सुझाव है कि कलोथरा की जगह इसके नजदीक इन्दरगढ में ही रेलवे स्टेशन का निर्माण कराना उचित होगा इससे कलोथरा और इन?दरगढ क्षेत्र सहित आस-पास के लोगों को फायदा मिलेगा।

## सोलर फेयर का आयोजन 22-23 जुलाई को 'चेम्बर भवन' में



**ग्वालियर ।** म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा शहर के व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों में सौर ऊर्जा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से दिनांक 22 एवं 23 जुलाई को 'चेम्बर भवन' में सोलर फेयर का आयोजन किया जा रहा है अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है

## डाम्बर फैक्टरी के पास करंट लगने से महिला और पुरुष की मौत



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी-** बरसात के इस मौसम मैं सबसे तर्ज गति से फैलने बाले करंट से लगातार मोतो का सिलसिला जारी हैं इस मैं लापरवाही कुछ लोगो की होती हैं कुछ विधुत विभाग की अभी जो खबर आई हैं वह कोतवाली थाना क्षेत्र मैं आने बाले फतेहपुर शिवपुरी पब्लिक स्कूल के पास डंबर फैक्टरी पास से है जहाँ एक महिला और एक पुरुष की करंट लगने से मौत हो गई

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना की सीमा फतेहपुर क्षेत्र वार्ड क्रमांक 15 शिवपुरी पब्लिक स्कूल के सामने मास्टर कॉलोनी के अंतिम छोर पर एक डामर फैक्ट्री के पास रेखा धाकड उम्र 40 साल पति हरिओम धाकड आज सुबह 11 बजे अपने खेत पर जा रही थी। रास्ते में खेत पर बागड करने की जाली रखी थी महिला इस जाली से टकरा गई और उसे इस जाली से तेज करंट लग गया। महिला जब करंट की चपेट में आई और चीखने लगी तो पास के ही खेत पर पवन शाक्य उम्र 23 पुत्र चिरंजीलाल शाक्य काम कर रहा था, रेखा धाडक चिल्लाते हुए देख वह भागकर आया और जाली को हटाने का प्रयास किया तो युवक भी इस जाली की चपेट में आ गया और वही गिर गया। इस हादसे में रेखा धाकड और पवन की मौत हो गईमोके पर दिनेश शाक्य की बोर से डामर फैक्ट्री से जा रही थी बिजली की लाइन दिनेश शाक्य का डामर फैक्ट्री के पास फार्म हाउस है और बोर भी लगा हुआ है। इस बोर से इस डामर फैक्ट्री पर बिजली के तार जा रहे थे, यह कनेक्शन अवैध रूप से लिया गया था और बिजली के तार जमीन पर ही प? थे। यह तार रास्ते में पड़ी जाली से टकरा रहे थे। इस कारण ही इस जाली में तेज करंट आ रहा था। इस तेज करंट की चपेट में यह दोनों आ गए जिससे उनकी मौत हो गई

# कोचिंग संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो: कलेक्टर

**ग्वालियर।**शहर व जिले के सभी कोचिंग संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो। फायर सेफ्टी, लिफ्ट व विद्युत सुरक्षा, सीसी टीवी कैमरे इत्यादि की हर संस्थान में पुख्ता व्यवस्था रहे। सभी कोचिंग संचालक अपने संस्थान में चैक लिस्ट बनाकर हर हाल में आगामी 15 अगस्त तक निर्धारित मानकों के अनुसार यह सभी व्यवस्थायें पूरी कर लें। इस आश्य के निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कोचिंग संचालकों और नगर निगम व जीएसटी के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए।कलेक्टर सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे शहर के सभी कोचिंग संस्थानों में चैक लिस्ट के अनुसार अभियान बतौर सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से जाँच करें। संबंधित अधिकारी कोचिंग संस्थानों की जाँच निरीक्षक के रूप में नहीं सहयोगी के रूप में करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बार-बार सचेत करने के बावजूद जो कोचिंग संस्थान सुरक्षा मानकों के अनुसार व्यवस्थायें करने में आनाकानी करेंगे, उन कोचिंग संस्थानों को सील्ड कर दिया जाएगा। हाल ही में ग्वालियर शहर में एक छात्रा के साथ हुई दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद घटना पर चिंता जाहिर करते हुए कलेक्टर सिंह ने कोचिंग संचालकों व सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस भाव के साथ कोचिंग संस्थानों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनायें कि यदि उनकी स्वयं की बेटी पढने जाती तो वे किस प्रकार के व्यवस्थाओं व सुरक्षा की जरूरत महसूस करते।उन्होंने जोर देकर कहा कि कोचिंग संचालक अपने संस्थान के सीसी टीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग लगातार देखते रहें। यदि छात्र- छात्राओं को कोई असामाजिक तत्व परेशान करे तो उसकी



सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चे घर से कोचिंग और कोचिंग से घर सुरक्षित रूप से पहुँचे यह हम सबकी सामूहिक जवाबदेही है।कलेक्टर सिंह ने यह भी कहा कि हर कोचिंग संस्थान में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ बच्चों के बैठने, पेयजल व शौचालय की भी बेहतर व्यवस्था होना चाहिए। कोचिंग संस्थान में प्रवेश व निकास के अलग-अलग दरवाजे भी हों। बैठक में अपर आयुक्त नगर निगम आर के श्रीवास्तव व फायर प्रभारी डॉ अतिबल सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी, जीएसटी के अधिकारी एवं विभिन्न कोचिंग संस्थानों के संचालक मौजूद थे।

**सुरक्षा के मद्देनजर संयुक्त मॉक ड्रिल करने के निर्देश**–कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि शहर में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों और उन मार्गों पर सुरक्षा के लिहाज से संयुक्त मॉक ड्रिल की जाए, जहां कोचिंग संस्थान संचालित हैं। नगर निगम, होमगार्ड, विद्युत व पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल कर यह देखें कि आपात स्थिति में कोचिंग संस्थानों तक कैसे मदद पहुँचाई जा सकती है, और बच्चों को कैसे सुरक्षित निकाला जा सकता है। इस दौरान इस बात को खास तौर पर देखें कि कोचिंग संस्थानों तक फायर ब्रिगेड पहुँचने में कोई अडचन तो नहीं है। उन्होंने कोचिंग संचालकों से कहा कि वे अपने संस्थान में रस्सा, नसैनी व टॉर्च इत्यादि अवश्य रखें। साथ ही स्टाफ व बच्चों को फायर उपकरणों के उपयोग और अग्नि दुर्घटना के समय सुरक्षित बच निकलने का प्रशिक्षण भी दिलाएँ। बैठक में फायर अधिकारियों के मोबाइल फोन नम्बर भी कोचिंग संचालकों को दिए गए। जीएसटी के अधिकारियों ने कोचिंग संचालकों से कहा कि जो संस्थान जीएसटी के दायरे में आते हैं वे परेशानी से बचने के लिए निर्धारित शुल्क अवश्य जमा करें। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि कोचिंग संचालक सभी प्रकार की अनुमतियां अवश्य ले लें।

## लॉयंस क्लब ग्वालियर अनुभूति ने ग्वालियर प्रेस क्लब के साथ मिलकर किया पौधरोपण



**ग्वालियर।** लॉयंस क्लब ग्वालियर अनुभूति की सर्विस एक्टिविटी वृक्षारोपण संख्या 3 शुक्रवार को फूलबाग स्थित ग्वालियर प्रेस क्लब पर ग्वालियर प्रेस क्लब के साथ मिलकर 15 पौधों के रोपण के साथ सम्पन्न हुई।प्रांतीय सेवा कार्य पर्यावरण के अनुसार प्रदूषण मुक्त शहर अभियान एवं औषधिय पौधे लगाने के अंतर्गत शहर के हृदय स्थल फूलबाग स्थित ग्वालियर प्रेस क्लब पर आज 15 पौधे रोपें। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अशोक पटसारिया, सह अतिथि ग्वालियर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा, लॉयंस क्लब के रीजन चेयर पर्सन ला सीएस तोमर, लॉयंस क्लब अनुभूति के गाइडिंग लॉयन ला अनुपम तिवारी रहे। सर्विस एक्टिविटी में अध्यक्ष ला मीनाक्षी गोयल, मानसेवी सचिव कमल किशोर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ला अशोक शर्मा, कार्यक्रम संयोजक ला विजय खंडेलवाल, उपाध्यक्ष ला कमल किशोर गुप्ता सहित ला राजेश गोयल, ला प्रीति झा, ला मनीषा श्रीवास्तव, ला नीलम शर्मा, ला चंदन आदि उपस्थित रहे।वृक्षारोपण में कदम्ब नीम पीपल पाखर कचनार गुलमोहर एवं अर्जुन के 5 फुट के पौधे रोपे गये। कार्यक्रम में अथितियों का आत्मीय स्वागत अध्यक्ष मीनाक्षी गोयल एवं अन्य क्लब सदस्यों ने किया। क्लब द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी अध्यक्ष द्वारा दिये गये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मानसेवी सचिव कमल किशोर अग्रवाल द्वारा किया गया।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478